PRGI No. RJHIN/25/A3844 डाक पंजीयन G/JJN/053/2024-26 Valid up to 31 dec. 2026

दैनिक

# भीम प्रज्ञा

2009 से स्थापित

सम्यक, न्याय, स्वतंत्रता, समानता, बंधुता, एवं सामाजिक चेतना के लिए रचनात्मक पत्रकारिता

भीम प्रज्ञा अलर्ट

'सम्मान पाने की सबसे सच्ची राह यह नहीं कि लोग हमें देखें, बल्कि यह है कि लोग हमारे कर्मों और चरित्र को याद रखें।'

गांव के गुवाड़ से निकलकर प्रकाशित होने वाले दैनिक अखबार भीम प्रज्ञा की मजबूती के लिए पाठक बनिए और बनाइए अपनी प्रतिक्रिया दीजिए

हेल्पलाइन - 9983040937

Bheem Pragya publication
A/C No: 61347330768
IFSC Code- SBIN0031880
Phone pe , G-pay
9983040937

www.bheempragya.in | वर्ष-1 | अंक-109 | झुंझुनू (राजस्थान) | शनिवार, 14 मार्च, 2026 | Email.bheempragya@gmail.com | पृष्ठ-8 | मूल्यः 5.00

## सम्पादकीय



एडवोकेट हरेश पंवार
Contact No. 9983040937

### मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है

## ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा-सच्चे आत्मविश्वास की आधारशिला

आज के तेज़ी से बदलते दौर में जब सफलता को अक्सर धन, पद और बाहरी उपलब्धियों से मापा जाने लगा है, तब ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा जैसे मूल्यों का महत्व और भी अधिक बढ़ जाता है। आधुनिक जीवन की प्रतिस्पर्धा में कई बार लोगों को यह भ्रम हो जाता है कि बेईमानी या शॉर्टकट अपनाकर जल्दी सफलता प्राप्त की जा सकती है। लेकिन यह केवल एक क्षणिक भ्रम होता है, क्योंकि वास्तविक और स्थायी सफलता वही होती है जो नैतिकता, ईमानदारी और कर्तव्य के मार्ग पर चलकर प्राप्त की जाए। यहां मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है।
ईमानदार और कर्तव्यनिष्ठ व्यक्ति की सबसे बड़ी ताकत उसका आत्मविश्वास और आत्मसम्मान होता है। वह जानता है कि उसने अपने जीवन में जो भी प्राप्त किया है, वह उसकी मेहनत और सत्यनिष्ठा का परिणाम है। यही विश्वास उसे मानसिक शांति और संतोष प्रदान करता है। जब व्यक्ति अपने कार्य और व्यवहार में ईमानदारी बरतता है, तो समाज में भी उसके प्रति विश्वास और सम्मान की भावना विकसित होती है। यह विश्वास किसी भी धन या पद से कहीं अधिक मूल्यवान होता है। यह सच है कि कई बार ईमानदारी का मार्ग कठिन और चुनौतीपूर्ण प्रतीत होता है। बेईमानी का रास्ता तात्कालिक लाभ जरूर दे सकता है, लेकिन वह स्थायी संतोष और सम्मान नहीं दे सकता। इसके विपरीत, ईमानदार व्यक्ति को कभी-कभी संघर्ष का सामना करना पड़ता है, लेकिन अंततः वही संघर्ष उसे मजबूत बनाता है और जीवन में स्थायी सफलता दिलाता है। इतिहास और समाज दोनों इस बात के साक्षी हैं कि जिन्होंने अपने सिद्धांतों और नैतिक मूल्यों से समझौता नहीं किया, वही लोग अंततः समाज में आदर्श बनकर उभरे।

कर्तव्यनिष्ठा भी उतनी ही महत्वपूर्ण है जितनी ईमानदारी। कर्तव्यनिष्ठ व्यक्ति अपने काम को केवल जिम्मेदारी नहीं, बल्कि एक नैतिक दायित्व मानता है। वह परिस्थितियों के अनुसार अपने कर्तव्यों का पालन करता है और किसी भी प्रकार की लापरवाही से बचता है। चाहे वह शिक्षक हो, डॉक्टर, प्रशासनिक अधिकारी या एक साधारण कर्मचारी–जब कोई व्यक्ति अपने कर्तव्य को पूरी निष्ठा के साथ निभाता है, तो उसका प्रभाव केवल उसके व्यक्तिगत जीवन तक सीमित नहीं रहता, बल्कि समाज के व्यापक हित में भी दिखाई देता है। ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा का सबसे बड़ा लाभ यह होता है कि यह व्यक्ति को निराशा और मानसिक तनाव से दूर रखती है। जो व्यक्ति अपने सिद्धांतों और मूल्यों के प्रति सच्चा होता है, उसे अपने कार्यों के परिणामों को लेकर कोई भय नहीं होता। वह जानता है कि उसने अपना दायित्व पूरी निष्ठा से निभाया है। यही संतोष उसे कठिन परिस्थितियों में भी मजबूत बनाए रखता है। इसके विपरीत, जो व्यक्ति बेईमानी या छल का सहारा लेता है, उसे हमेशा इस बात का डर रहता है कि उसकी सच्चाई कभी भी सामने आ सकती है। यह भय उसे भीतर से कमजोर बना देता है और मानसिक अशांति का कारण बनता है। इसलिए कहा जाता है कि ईमानदारी केवल एक नैतिक मूल्य नहीं, बल्कि मानसिक शांति और आत्मसम्मान का भी स्रोत है।

समाज के निर्माण में भी ईमानदार और कर्तव्यनिष्ठ लोगों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। यदि किसी समाज में लोग अपने कर्तव्यों को ईमानदारी से निभाने लगें, तो भ्रष्टाचार, अन्याय और अव्यवस्था जैसी समस्याएँ स्वतः ही कम होने लगती हैं। एक ईमानदार व्यक्ति अपने आचरण से दूसरों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनता है। उसके कार्य यह संदेश देते हैं कि जीवन में सच्ची सफलता वही है जो नैतिकता और सत्य के मार्ग पर चलकर प्राप्त की जाए।
आज के समय में यह और भी आवश्यक हो गया है कि समाज में नैतिक मूल्यों को मजबूत किया जाए। परिवार, शिक्षा और सामाजिक संस्थाओं को मिलकर यह प्रयास करना चाहिए कि नई पीढ़ी को ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा का महत्व समझाया जाए। जब युवा पीढ़ी इन मूल्यों को अपनाएगी, तभी समाज में सकारात्मक परिवर्तन संभव हो सकेगा।
**अंततः** यह कहना उचित होगा कि ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा केवल आदर्शवादी शब्द नहीं हैं, बल्कि एक सुखी और संतुलित जीवन की आधारशिला हैं। परिस्थितियाँ चाहे कितनी भी कठिन क्यों न हों, जो व्यक्ति अपने सिद्धांतों और मूल्यों पर अडिग रहता है, वह कभी स्थायी निराशा का शिकार नहीं होता। उसके पास आत्मसम्मान की वह अनमोल संपत्ति होती है जिसे कोई भी छीन नहीं सकता। इसलिए जीवन का सच्चा मार्ग वही है जिसमें ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और अनुशासन का समावेश हो। सत्य का मार्ग भले ही कठिन हो, लेकिन अंततः वही मार्ग मनुष्य को शांति, सम्मान और गौरव की मंजिल तक पहुंचाता है।

*'किसान-मजदूर के नाम पर राज करने वालों से सवाल पूछिए'*

# विपक्षी कहते हैं इतनी नौकरियां कैसे देंगे, हमने कहा- डायरी-पेन साथ रखिए, लिखते चलिए : सीएम

भीम प्रज्ञा न्यूज

**जयपुर ।** सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा- सवाल उनसे किया जाना चाहिए, जिन्होंने वर्षों तक किसान और मजदूर के नाम पर राज किया। गरीबी हटाने और किसानों को आगे



बढ़ाने के नारे दिए, लेकिन इनके लिए कुछ नहीं किया। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा- विरोधी पूछते हैं कि सरकार इतनी नौकरियां कैसे दे पाएगी, लेकिन हमारी सरकार लगातार फैसले ले रही है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा- विपक्षी डायरी और पेन साथ रखिए और सरकार की हर नौकरी को लिखते चलिए। मुख्यमंत्री ने कहा- हमारी सरकार के केंद्र में हमेशा से किसान रहा है।



राजस्थान देश में गेहूं के समर्थन मूल्य पर सबसे ज्यादा बोनस देने वाले राज्य है। ईआरसीपी और यमुना जल समझौते को इन्होंने कितने दिनों तक लटकाए रखा। लेकिन हमारी सरकार लगातार इन सब पर काम कर रही है। हमारे सवा दो सालों में हम संकल्प पत्र (घोषणा पत्र) की 73 प्रतिशत घोषणाओं को पूरा कर चुके हैं।

सीएम भजनलाल शर्मा ने जयपुर में दुर्गापुरा स्थित कृषि अनुसंधान केंद्र में किसान सम्मान निधि के राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ये बातें कही। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गुवाहाटी में पीएम किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त के हस्तान्तरण कार्यक्रम में सीएम भजनलाल वीसी से जुड़े थे।

### डायरी पेन साथ रखो और नोट करते जाओ

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा- पहले हमारे किसान का बेटा मेहनत करता था, पढ़ता था, लेकिन पेपर लीक हो जाते थे। लेकिन मैं आपसे पूछना चाहता हूं कि सवा दो साल में कोई पेपर लीक हुआ है। आपने देखा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अजमेर आए थे तो उन्होंने 25 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए थे।

अब तक हम 1.25 लाख युवाओं को नियुक्ति पत्र दे चुके हैं। 1.35 लाख भर्तियां प्रक्रियाधीन है, एक लाख भर्तियों का कैलेंडर हमने जारी कर दिया है। बजट में हमने 25 हजार पद बढ़ा दिए हैं। इसलिए सवा लाख पदों पर हमने भर्ती निकाली है। हमारे विरोधी कहते हैं कि आप इतनी नौकरियां कैसे दो पाओगे, हमने कहा- आप डायरी-पेन साथ में रखिए और लिखते चलिए। यह मोदी की सरकार है, जो कहते हैं वो करते हैं।

### 2027 में किसानों को दिन में बिजली देंगे

सीएम ने कहा- हमने किसानों से वादा किया है कि हम साल 2027 से किसानों को दिन में बिजली देने का काम करेंगे। अभी हम 22 जिलों में किसानों को दिन में बिजली दे रहे हैं। हमारी सरकार ने बिजली बिलों पर 50 हजार 833 करोड़ रुपए की सब्सिडी दी है और 2 लाख से अधिक नए कृषि कनेक्शन जारी किए हैं।

उन्होंने कहा कि 35 लाख किसानों को 25 हजार करोड़ रुपए के अल्पकालीन ऋण वितरित किए जाएंगे। इसके लिए 800 करोड़ रुपए का ब्याज अनुदान दिया

## दौगड़ा जाट के दो भाइयों ने यूनिवर्सिटी के टॉप-10 में बनाई जगह

भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडी अटेली।

**मनोज बुलाण ।** क्षेत्र के गांव दौगड़ा जाट के दो भाइयों ने पढ़ाई में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए यूनिवर्सिटी के टाप-10 में स्थान हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। दौगड़ा जाट के निवासी प्रजापति विकास समिति कनीना के प्रधान बलवान सिंह ठेकेदार के बेटे विकास एवं विवेक ने इंदिरा गांधी यूनिवर्सिटी के सिविल इंजीनियरिंग के पांचवें सेमेस्टर के परिणाम में टाप-10 में जगह बनाई है। दोनों भाइयों की इस उपलब्धि से परिवार के साथ-साथ पूरे गांव में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों और सामाजिक संगठनों के लोगों ने भी उनकी इस सफलता पर गर्व जताया है। बताया गया कि दोनों छात्र शुरू से ही पढ़ाई में मेहनती और होनहार रहे हैं तथा अपने लक्ष्य को लेकर हमेशा गंभीर रहते हैं। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2025 में भी विवेक ने अपने शानदार प्रदर्शन से तीसरे सेमेस्टर में यूनिवर्सिटी टॉप किया था। लगातार बेहतर परिणाम लाकर



विवेक पुत्र बलवान सिंह प्रधान



विकास पुत्र बलवान सिंह प्रधान

दोनों भाई शिक्षा के क्षेत्र में नई मिसाल कायम कर रहे हैं। उनकी सफलता से गांव के अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिल रही है कि मेहनत और लगन से बड़ी उपलब्धि हासिल की जा सकती है। इस मौके पर राष्ट्रीय प्रजापति महासभा के जिला प्रधान विजय सिंह ने दोनों विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र से निकलकर यूनिवर्सिटी में टॉप-10 में स्थान बनाना बड़ी उपलब्धि है। इससे क्षेत्र के युवाओं को शिक्षा के प्रति प्रेरणा मिलेगी। वहीं परिजनों ने भी दोनों बेटों की सफलता पर खुशी जताते हुए कहा कि मेहनत और अनुशासन से ही यह मुकाम हासिल हुआ है। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि विकास और विवेक भविष्य में भी इसी तरह आगे बढ़कर परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे।

## भारत मुक्ति मोर्चा एवं राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन कर कलक्टर को दिया ज्ञापन

भीम प्रज्ञा न्यूज .झुंझुनूं।

भारत मुक्ति मोर्चा एवं राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा, क्षत्रिय महासंघ, भारतीय विद्यार्थी मोर्चा के संयुक्त तत्वाधान में भाजपा व आरएसएस की असंवेदनशील सरकार की दमनकारी नीतियों तथा मौलिक अधिकारों के दमन के विरोध में जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन कर राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री तथा गृहमंत्री भारत सरकार के नाम जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। भारत मुक्ति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष मान्यवर वेदपाल मूलनिवासी टोडी ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा कैबिनेट में ओबीसी की जाति आधारित जनगणना का फैसला करने के बावजूद भी जनगणना नोटिफिकेशन में ओबीसी की जातियों का कॉलम नहीं दिया गया है इसलिए ओबीसी की जाति के कालम को अंकित कर बढ़ाया जाए ताकि ओबीसी की सही और जातीवार वास्तविक जाती आधारित जनगणना संख्या का सही और सटीक खुलासा हो सके। भाजपा द्वारा ओबीसी के साथ की जा रही धोखाधड़ी के खिलाफ व एससी,एसटी,ओबीसी के समर्थन में सख्त यूजीसीबी लागू करने तथा दो हजार ग्यारह से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा टेट से मुक्त करने के समर्थन में भारत मुक्ति मोर्चा के प्रदेश महासचिव ओमप्रकाश सेवदा के नेतृत्व में कलक्ट्रेट के सामने एक दिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया गया। शहीद भगतसिंह विचार मंच के एडवोकेट बजरंगलाल ने बताया कि वर्तमान सरकार ने पहले कमजोर यूजीसी इक्विटी रेगुलेशन बनाया और फिर सुप्रीम कोर्ट में कमजोर पैरवी करके उस पर भी रोक लगवाना खुलेआम एससी,एसटी,ओबीसी के साथ धोखेबाजी है इसलिए



एससी,एसटी,ओबीसी के समर्थन में सख्त यूजीसी इक्विटी रेगुलेशन बनाकर लागू किया जाए ताकि संस्थाओं में अन्याय,अत्याचार और संस्थागत हत्याओं पर अंकुश लगाया जा सके। लीलाराम चौहान, राधेश्याम चिरानिया, हरलालसिंह बड़वासी, सुरेश कुमार, राजूराम, प्रेमचंद, सोनू, सरोज देवी, उज्जवल योगी, मोहित मीणा, अमन, मोंटी,गौतम, मनोज, दीपक, ममता गर्वा, सोमकांत, दिलीप, पंकज, सुनील, धर्मपाल मूलनिवासी, राजवीर सिंह टोडी, गोविंदराम कल्याण चिराना, सहित कई जागरूक लोगों ने धरने में हिस्सा लिया।

# टोहाना में सामाजिक सुरक्षा पेंशन समस्याओं के समाधान के लिए लगाया गया विशेष कैंप

### डीसी डॉ. विवेक भारती के निर्देश पर समाज कल्याण विभाग की पहल, मौके पर ही कई समस्याओं का समाधान

भीम प्रज्ञा न्यूज.टोहाना।

**रजत विजय रंगा ।** फतेहाबाद डीसी डॉ. विवेक भारती के निर्देशानुसार समाज कल्याण विभाग द्वारा टोहाना के नगर परिषद परिसर में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए विशेष कैंप का आयोजन किया गया। डीसी डॉ. विवेक भारती ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि आमजन को सरकारी योजनाओं से जुड़ी किसी भी प्रकार की समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कैंपों का मुख्य उद्देश्य लोगों को दफ्तरों के बार-बार चक्कर लगाने से राहत देना और उनकी समस्याओं का मौके पर ही समाधान सुनिश्चित करना है।

इस बारे जिला समाज कल्याण अधिकारी सत्यवान ढिलोड़ ने कैंप की जानकारी देते हुए बताया कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए



टोहाना नगर परिषद में लगाए गए इस कैंप में लगभग 150 आवेदन प्राप्त हुए, इनमें से करीब 50 शिकायतें बैंक खातों से संबंधित थीं, विभाग के कर्मचारियों द्वारा मौके पर ही ठीक कर दिया गया। उन्होंने बताया कि कई लाभार्थियों को पेंशन से जुड़ी तकनीकी समस्याओं, बैंक खाते की जानकारी में त्रुटि, आधार लिंकिंग तथा जन्म तिथि से संबंधित त्रुटियों के कारण परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। जन्म तिथि में सुधार करवाने के लिए क्रीड के कर्मचारियों द्वारा मौके पर ही लाभार्थियों की जन्म तिथि सत्यापित कर उसकी ऑनलाइन रिक्वेस्ट दर्ज की गई, ताकि रिकॉर्ड में आवश्यक संशोधन किया जा सके। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि कैंप में मौजूद अधिकारियों व कर्मचारियों ने लाभार्थियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनका समाधान किया तथा आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया। उन्होंने कहा कि विभाग का प्रयास है कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना का लाभ पात्र व्यक्तियों तक समय पर और बिना किसी बाधा के पहुंचे। उन्होंने पेंशन लाभार्थियों से अपील करते हुए कहा कि यदि किसी को पेंशन से संबंधित कोई समस्या आ रही है तो वे अपने आवश्यक दस्तावेजों के साथ ऐसे कैंपों में पहुंचकर अपनी समस्या का समाधान करवा सकते हैं। इस मौके पर नगर परिषद चेयरमैन नरेश बसंल, नगर पार्षद राम कुमार, सतीश, क्रीड से गुरमेल, लियाकत अलि समाज कल्याण विभाग से अन्वेषक प्रीती, सतपाल,मुकेश, सोनम,अमन, पवन, उदय तथा टोहाना खंड के सभी सीपीएलओ उपस्थित रहे।

# इस तरह करने पर आपके हाथ रहे कोमल और सुंदर



हाथों के सौंदर्य के प्रति भी सजग एवं सतर्क रहना जरूरी है। हाथों की कोमलता, उनकी त्वचा और देखभाल ऐसी हो कि लोगों के सामने हाथ बढ़ाना पड़े तो शर्मिंदगी न उठानी पड़े। घर का कामकाज टाला नहीं जा सकता पर इसका अर्थ यह नहीं कि हाथों की उपेक्षा की जाए।

साधारण हाथों का रखरखाव यदि ठीक ढंग से हो तो भी वे सभी का ध्यान आर्ज़षित कर सकते हैं। हाथों की देखभाल करना बहुत आसान है, पर इसके लिए जरूरी है इनकी नियमित देखभाल। हाथ सुंदर लगने के लिए सबसे जरूरी है- हाथों की त्वचा कोमल हो, उंगलियों का आकार सुंदर हो, उंगलियों के नाखून सुंदर हों। हाथों को सुंदर बनाने के लिए इन सब बातों पर अमल करें :

- हाथ धोने के बाद पानी अच्छी तरह पोंछना न भूलें। हाथों का तैलीए तत्व बना रहे, इसके लिए धोने के तुरंत बाद उन पर क्रीम लगाएं।
- हाथों की त्वचा के दाग हटाने व रंग निखारने के लिए नींबू का प्रयोग करें। रात को दूध की क्रीम में थोड़ा-सा नींबू का रस मिलाकर हाथों पर मलकर सोएं। अधिक बेहतरी के लिए ग्लिसरीन भी मिला सकती हैं।
- गर्म पानी, साबुन तथा सोडे आदि में हाथ डुबोने पड़ें तो उसका दुष्प्रभाव दूर करने के लिए एक बड़ा चमच सिरका या नींबू मिले पानी से हाथ धोएं।
- रात को सोते समय हमेशा किसी लोशन या क्रीम का प्रयोग करें।
- ग्लिसरीन के साथ गुलाबजल या खीरे का रस मिलाकर लगाएं। यह सस्ता भी है और फायेदमंद भी।
- उंगलियों का नियमित व्यायाम और मालिश करें। प्रत्येक उंगली को एक-एक करके, दूसरे हाथ के अंगूठे तथा उंगलियों के बीच दबाकर नाखून से नीचे की ओर दबाते हुए मालिश करें।
- हाथों की उंगलियों एवं नाखूनों के रख-रखाव हेतु हते में एक बार अवश्य वक्त निकालें। मैनीक्योर द्वारा हाथों की संपूर्ण सुंदरता को कायम रखा जा सकता है। सबसे पहले थोड़े गुनगुने पानी में थोड़ा शैपू घोल लें। झाग में 5 मिनट तक हाथ डुबोए रखें। हो सके तो उसमें बोरेक्स डालें। इससे हाथों की कोमलता बढ़ेगी। हाथों के नाखून साफ करें। आसपास की मृत त्वचा सफेद होकर उभर आएगी जिसे आप आसानी से खुरदरे कपड़े से हटा सकती हैं।
- हाथों और नाखूनों को साफ कर सुखाने के पश्चात नेलकटर से नाखूनों को गोल आकार दें।
- क्यूटिकल पुशर या सींक पर रूई लपेटकर रिमूवर में भिगो कर धीरे-धीरे त्वचा को पीछे की ओर खिसकाएं। यह कार्य बहुत दक्षता तथा आराम से करना चाहिए वरना त्वचा के किनारे फट सकते हैं। नाखूनों पर खरोंच लगने से उनकी चिकनाहट कम हो जाती है।
- नाखूनों को आकार देते समय अर्द्धचंद्र का आकार भी अपनाएं। इससे नाखूनों का आकार स्वाभाविक लगता है।
- नाखूनों पर पालिश करने से नाखून जल्दी नहीं टूटते तथा सुंदर लगते हैं। एक बार नेल पालिश लगाने के बाद नेल पालिश सूखने के बाद, तब दोबारा उस पर नेल पालिश लगाएं। उससे नाखून भी सुरक्षित रहते हैं। नेल पालिश भी इकसार तथा चमकीली लगती है।

* नाखूनों की मजबूती के लिए उन पर नींबू का छिलका रगड़ें। * नाखूनों को बेतरतीब ढंग से बढ़ाकर न रखें।

* रात को सोते समय नाखूनों पर क्यूटिक क्रीम से मालिश करें। इससे नाखून मुलायम तथा लचीले रहते हैं।

# चेहरे की खूबसूरती बनाएं रखने के लिए अपनाएं ये दादी मां के घरेलू नुस्खे

आपने कभी अपनी नानी मां और दादी मां के चेहरों को ध्यान से देखा है कि उनके चेहरों पर कितनी रौनक रहती है। उनके चेहरे पर न तो झुर्रियां और न ही कोई दाग धब्बा दिखाई देता है। जिससे उनकी उम्र का बिल्कुल भी अंदाजा नहीं लगाया जा सकता। आखिर इस बात का क्या राज है जो दादी मां छुपा रहीं हैं।

आज हम आपको बताने वाले हैं कि दादी मां और नानी मां की खुबसूरती का क्या राज है। ब्यूटी एक्सपर्ट्स का कहना हैं कि हमारी दादी और नानी मां को प्राकृतिक चीजों पर पूरा यकीन था। उन्होंने अपनी खुबसूरती के लिए एक रुपया भी खर्च नहीं किया। आपको बता दें कि आजकल बाजारों में कई तरह के ब्यूटी प्रोडक्ट्स आते हैं और लड़कियों इनके चकरों में पड़कर अपना चेहरा खराब कर लेती हैं। आज हम आपको दादी और नानी मां के उन घरेलु नुस्खों के बारे में बताने जा रहे हैं जिनके बारे में किसी को भी पता नहीं है।



- अगर आप लंबे समय तक जवान दिखना चाहती हैं तो हमेशा पीठ के बल लेटें। पेट के बल सोने से आपके चेहरे पर झुर्रियां आ सकती हैं, जिसके कारण आप की सूहसूरती खराब हो जाती है और आपकी उम्र ज्यादा लगती है।
- जब भी आप अपने चेहरे की मसाज करें या फिर साफ करें तो चेहरे को कोमलता से छुएं। अगर आप चेहरे को रगड़-रगड़ कर साफ करेंगे तो आपकी आंखों के नीचे काले घेरे हो जाएंगे। ऐसे में चेहरे की मसाज हमेशा ऊपर की ओर करें। - हर किसी को बालों को लेकर बहुत सी समस्याएं होती हैं। ऐसे में आप नारियल के तेल से बालों की मसाज करें, जिसे आपके बाल मजबूत बनते हैं।
- नींद हमेशा अच्छी और पूरी लेनी चाहिए तभी आपके चेहरे से बुढापा जाएगा।
- अपने खान-पान पर ध्यान दें। बाहर का खाना कम खाएं। चेहरे की सुंदरता बनाए रखने के लिए ताजे फल सब्जियों का सेवन करें।
- चेहरे पर जमी गंदगी आपके चेहरे को काला कर देती है। इसलिए घर में बनाए हुए स्क्रब से हफ्ते में दो बार स्क्रब जरूर करें ताकि आपके चेहरे में ग्लो आ सकें।
- खुद की स्किन से प्यार करें और उसकी अच्छे से देखभाल करें।





# बालों में ऑयल चम्मी करने के फायदें



सिर पर तेल से चम्मी करने से बालों में मजबूती आती है और ग्रोथ भी बढ़ती है लेकिन अगर इन्हें लगाकर बाल ढंग से साफ न किए जाएं तो बालों को नुकसान भी पहुंचता है। सरसों का तेल बालों में लगाने से बाल मजबूत और सफेद कम होते हैं लेकिन एक इसकी एक समस्या यह होती है कि बालों में तेल पड़ा होने पर उनमें गंदगी ज्यादा चिपकती है और सही से न धोने पर वह झड़ना शुरू हो जाते है। तेल लगाने के बाद बालों को गुनगुने-कोसे पानी से धोएं ताकि पूरा तेल और चिपक पन निकल जाएं। 1. अगर आपके बाल रूखें है तो हर दिन बालों में ऑयल लगाएं। इससे बालों का रूखापन समाप्त हो जाएगा। 2. तेल लगाने से बालों में शाइन आती है। और बाल मुलायम होते हैं। 3. बालों में तेल लगा होने से गंदगी सीधे नहीं लगती बल्कि तेल वाले बालों में चिपक जाती है। जिसके कारण बालों को धोना बहुत जरूरी हो जाता है। इसी के साथ यह पराबैंगनी किरणों से भी बालों को बचाती है। 4. नियमित तेल लगाने से बाल जल्दी सफेद नहीं होते। हर दिन रात को 10 मिनट तेल लगाकर अच्छी तरह से मसाज करें। इससे बालों की जड़ों को पूरा पोषण मिलता है। 5. रोज तेल लगाने से रूसी की समस्या दूर होती है। 6. बालों में तेल डालने से बालों को प्रोटीन मिलता है, जिससे वो मजबूत बनते हैं। 7. बहुत सारी लड़कियों को लड़कियां लंबे बालों की शौकीन हैं वो सबसे पहले अपने बालों को मजबूत बनाएं और उन्?हें तेल लगाकर पोषित करें।

# इन घरेलू नुस्खों से कुछ ही मिनटों में हटाएं हाथों से मेहंदी का दाग

आजकल हर लड़की मेहंदी या हिना को किसी समारोह व शादियों में अपनी हथेलियों पर लगाती है। यह हिना पेड़ के पत्तों से निकाली जाती है जिसको लगाने से यह हथेली की ऊपरी सतह के अंदर रिस जाती है। इसकी कुछ दिनों तक आपकी हथेली पर छाप बनी रहती है। कभी-कभी आपको कुछ कारणों से मेहंदी या हिना की छाप को हटाना पडता है। इसलिए आज हम आपकों मेहंदी के दाग को एक दिन में हटाने के लिए ये घरेलू अचूक और कारगर तरीकों के बारे में बताएगें जिनसे हिना के दाग को आसानी से हटाया जा सकता है।



**1. ऑलिव ऑयल (Olive oil)**

अगर आप हाथों पर लगी मेहंदी को हटाना चाहती हैं तो ऑलिव ऑयल को बाउल में निकाल कर उसमें रूई को डुबोकर इसमें निचोड़ कर मेहंदी पर 10 मिनट तक लगा रहने दें और बाद में गुनगुने पानी से धो लें।

**2. क्लोरीन (ष्द्धद्यशह्म्द्बठ्ठद्ग)**

हिना के दाग को हटाने के लिए हाथों को क्लोरीन और पानी के मिश्रण में कम से कम 5 मिनट तक डुबो कर रखें और बाद में ठंडे पानी से धो लें।

**3. बेकिंग सोडा (Baking soda)** हाथों से मेहंदी के दाग हटाने के लिए एक कटोरी में 3 बड़े चम्मच बेकिंग सोडा और नींबू का रस मिलाकर मिश्रण बना लें। इस मिश्रण को हाथों में 10 मिनट लगाकर हथेलियों को अच्छे से रगड़ें। जब रगड़ने से मेहंदी के दाग हटा जाए तो हाथों को गुनगुने पानी से धो लें।

**4. ब्लीचिंग पाउडर (Bleaching powder)**

ब्लीचिंग पाउडर को हाथों पर लगाने से आसानी से हिना के दाग को हटाया जा सकता है। मेंहदी के दाग को हटाने के लिए ब्लीचिंग पाउडर की एक मोटी परत डिज़ाइन पर लगाएं और सूखने दें। इसे दो से तीन बार लगाने से हिना के दाग आसानी से हट जाते है।

**5. आलू का जूस (Potato juice)**

अगर आप 1 दिन में हिना का दाग हटाना चाहते हैं तो आलू के जूस से हथेली पर मसाज करें और इसे सूखने दें। सूखने के बाद में हाथों को गुनगुने पानी से धो लें।

# नंगली में डिजिटल बैंकिंग जागरूकता कार्यक्रम आयोजित, ग्रामीणों को साइबर ठगी से बचाव की दी जानकारी

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**



**रमेशचंद ।** भारतीय रिजर्व बैंक जयपुर के तत्वावधान में ब्लॉक नीमराना के ग्राम नंगली स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के सभागार में डिजिटल बैंकिंग जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम (E-BAAT) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अग्रणी जिला प्रबंधक मोहन लाल मीना के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान आरबीआई प्रतिनिधि पीयूष जुनेजा और महेंद्र ने स्वयं सहायता समूह के सदस्यों, विद्यार्थियों और ग्रामीण नागरिकों को डिजिटल भुगतान से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने UPI, NEFT, RTGS, PPI वॉलेट और नेट बैंकिंग जैसे डिजिटल माध्यमों के उपयोग की प्रक्रिया समझाते हुए इनके सुरक्षित इस्तेमाल के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर डिजिटल भुगतान करते समय अपनाए जाने वाले Dos और DonÓts, साइबर ठगी से बचाव के उपाय, डिजिटल लेनदेन में ग्राहक संरक्षण तथा बैंक की जिम्मेदारियों से जुड़े नियमों की भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में करीब 100 से 150 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों को बताया गया कि यदि किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी का सामना करना पड़े तो तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं और संबंधित बैंक को भी तुरंत सूचित करें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। कोटपूतली बहरोड अग्रणी जिला प्रबंधक मोहन लाल मीना ने अपने संबोधन में बैंकिंग लोकपाल योजना के माध्यम से बैंकिंग शिकायतों के समाधान की प्रक्रिया की जानकारी देते हुए डिजिटल लेनदेन करते समय सतर्कता बरतने का आग्रह किया। कार्यक्रम के अंत में एलडीएम ने आरबीआई, एफएलसी और सीएफएल टीम सहित कार्यक्रम में सहयोग देने वाले सभी प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया तथा प्रतिभागियों को सक्रिय भागीदारी के लिए धन्यवाद दिया।

# रैफल्स विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता का शुभारंभ

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**





**रमेशचंद ।** रैफल्स लॉ स्कूल, रैफल्स यूनिवर्सिटी, नीमराना में 10वीं सी. एल. अग्रवाल मेमोरियल नेशनल मूट कोर्ट प्रतियोगिता, 2026 का सफलतापूर्वक उद्घाटन किया गया। यह तीन दिवसीय राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता है, जिसमें समस्त भारत के विभिन्न संस्थानों से आए विधि के विद्यार्थी भाग लेंगे और अपनी वकालत तथा विधिक शोध कौशल का प्रदर्शन करेंगे। इस समारोह की मुख्य अतिथि जस्टिस डॉ. मीना वी. गोम्बर, चेयरपर्सन, गोम्बर एजुकेशन फाउंडेशन रहीं, जिन्होंने औपचारिक रूप से कार्यक्रम का उद्घाटन किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि ऑनलाइन गेमिंग आज विधि का एक महत्त्वपूर्ण क्षेत्र बन चुका है, जिसके लिए संसद द्वारा इस क्षेत्र को बढ़ावा देने और विनियमित करने हेतु कानून बनाया गया है। विशिष्ट अतिथि प्रो. (डॉ.) राजेन्द्र सिंह सांगवान, अध्यक्ष, रैफल्स यूनिवर्सिटी ने अपने वक्तव्य में कहा कि मूट कोर्ट अभ्यास विधि शिक्षा का एक महत्वपूर्ण अंग है, जो विद्यार्थियों में वकालत की क्षमता विकसित करने के साथ-साथ उन्हें एक कुशल अधिवक्ता बनने के लिए तैयार करता है। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती वंदना से हुआ। कार्यक्रम में स्वागत भाषण डॉ. प्रणय कुमार आदित्य, डीन, रैफल्स लॉ स्कूल द्वारा दिया गया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ. नम्रता यादव, सहायक प्रोफेसर द्वारा प्रस्तुत किया गया। उद्घाटन समारोह में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजय सक्सेना, डीन एकेडमिक्स, संयोजक डॉ. मनीष कुमार अत्री, सह-संयोजक आदित्य प्रताप सिंह, समिति सदस्यगण डॉ. साहिल, डॉ. कुंवर भरत सिंह, डॉ. अजय प्रताप सिंह, विभिन्न स्कूलों के डीन, प्राचार्य, विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्य, प्रतिभागी तथा विश्वविद्यालय के छात्र उपस्थित रहे। मूट कोर्ट प्रतियोगिता के समापन समारोह पर माननीय श्री जस्टिस संदीप मेहता, माननीय न्यायाधीश, भारतीय सर्वोच्च न्यायालय, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे, जबकि श्री दिनेश चन्द अग्रवाल, अध्यक्ष, राजस्थान एजुकेशन ट्रस्ट विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे। को बेटों से कम आंकते हैं।

# प्रतापसिंहपुरा स्कूल में चार दिवसीय हेल्थ एंड वेलनेस एम्बेसेडर प्रशिक्षण का समापन

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**



**रमेशचंद ।** नीमराना कस्बे के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रतापसिंहपुरा में आयुष्मान भारत योजना के तहत स्कूल हेल्थ एंड वेलनेस कार्यक्रम अंतर्गत हेल्थ एंड वेलनेस एम्बेसेडर के चार दिवसीय गैर-आवासीय शिक्षण प्रशिक्षण का शुक्रवार शाम समापन हुआ।समापन समारोह में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कमलेश यादव ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि चार दिनों में 11 मॉड्यूल पर दी गई जानकारी को विद्यालयों में जाकर प्रभावी रूप से लागू करें, ताकि विद्यार्थियों को स्वास्थ्य, स्वच्छता और सुरक्षित जीवन शैली के बारे में जागरूक किया जा सके। नीमराना थाना प्रभारी राजेश मीना ने इंटरनेट और सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के बारे में जानकारी देते हुए साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताए। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति को फोन पर ओटीपी या बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी साझा नहीं करनी चाहिए, इससे साइबर फ्रॉड का खतरा रहता है। चार दिन तक चले प्रशिक्षण में एसआरजी राजू यादव और एमटी सुरेश कुमार नांगलिया ने कुल 11 मॉड्यूल पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया। इनमें स्वास्थ्य संवर्धन, भावनात्मक कल्याण एवं मानसिक स्वास्थ्य, पारस्परिक संबंध, मूल्य एवं जिम्मेदार नागरिकता, जेंडर समानता, पोषण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, मादक द्रव्यों के सेवन की रोकथाम और प्रबंधन, स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देना, प्रजनन स्वास्थ्य एवं एचआईवी की रोकथाम, हिंसा और चोट से बचाव तथा इंटरनेट और सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी पुष्पा यादव, व्यवस्थापक जगदीश प्रसाद शर्मा, सनोज यादव, रतनसिंह यादव, रेखा नैन, उषा देवी, किरण कुमारी, रेखा यादव, शोभा वर्मा, संगीता यादव, रचना यादव, चंद्रभान, नरेश कुमार, मनफूल सिंह, सुमन कुमारी, अनिता कुमारी, सुनीता शर्मा सहित कई प्रतिभागी मौजूद रहे।

# विद्यालयों में बने पिक टॉयलेट का निरीक्षण किया

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।**




**पवन कुमार शर्मा ।** जयपुर से आए स्वच्छ भारत मिशन के अधिकारियों ने आज मंडावा पंचायत समिति की ग्राम पंचायतों में विद्यालयों में बनाए गए पिक टॉयलेट का निरीक्षण किया। स्वच्छ भारत मिशन के ब्लॉक प्रभारी राकेश जानू ने बताया कि शुक्रवार को स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण पंचायती राज विभाग जयपुर से जिले के दौरे पर आए सौरभ शर्मा निरीक्षण एवं मूल्यांकन विशेषज्ञ के द्वारा पंचायत समिति मंडावा की ग्राम पंचायत हेतमसर व हनुमानपुरा के राजकीय विद्यालयों में निर्मित पिंक टॉयलेट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टॉयलेट की साफ सफाई ,पानी की व्यवस्था, सेनेटरी नैपकिन, डिस्पोजल मशीन का संचालन, साबुन इत्यादि की उपलब्धता का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ ब्लॉक समन्वयक सुरेंद्र बराला, स्वच्छ भारत मिशन के ब्लॉक प्रभारी राकेश जानू ,ग्राम विकास अधिकारी नीतिका लॉयल व रोशन लाल उपस्थित रहें।

# निर्झर धाम में लक्ष्मीनारायण महायज्ञ में 125 जोड़ों ने दी आहुतियां



**भीम प्रज्ञा न्यूज.राणासर**

**सुमेर मीणा ।** इलाके के समीप प्राचीन निर्झरा धाम में चल रहे 108 कुंडीय श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ में बल्डा धाम गौगोर नागौर के संत सीताराम दास महाराज व नीमकाथाना माहावा के घुघाड़ी धाम के संत अवध बिहारी दास महाराज के सानिध्य में यज्ञाचार्य चिरंजीव लाल शास्त्री विमल पुरा चौमूं द्वारा वेदमंत्रों के साथ गुरुवार को पांचवें दिन 5 लाख आहुतियां दिलवाई। यज्ञ में मुख्य यजमान किरोड़ीमल मोदी, छगनलाल मोदी, सुनीता मोदी, शिखा मोदी सहित मोहरी लाल यादव,श्रवणी देवी, विकास यादव,अवनीका सहित अन्य सैंकड़ौ जोड़ों ने हवन में आहुतियां दी। आयोजन समिति के बजरंग लाल पटेल पचलंगी,समाज सेवी मदनलाल भावरीया व संजय शास्त्री सिरोही सहित अन्य ने बताया कि यज्ञ के दौरान संतों के सानिध्य में धर्म सभा हुई। महायज्ञ में संजय शास्त्री सिरोही,बजरंग लाल सेवदा श्रीमाधोपुर,सहीराम भगत, महेंद्र सिंह तेतरवाल, पूर्व सरपंच श्रीलाल यादव सहित अन्य श्रद्धालुओं अपनी सेवाएं दे रहे हैं।महायज्ञ में गुरुवार को पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा के पहुंचने पर आयोजन समिति ने गुढ़ा को माला व साफा पहनाकर सम्मान किया।

# सरसों की बंपर आवक से मंडावर मंडी पर दबाव, उठाव अटका-शनिवार को जिंसों की नीलामी रहेगी स्थगित

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावर।**



अनाज मंडी में भारी मात्रा में बिक्री हेतु आई फसल।

**मनोज खंडेलवाल ।** क्षेत्र में इस वर्ष सरसों की बंपर पैदावार के चलते मंडावर कृषि उपज मंडी में आवक असाधारण स्तर पर पहुंच गई है, जिससे मंडी की व्यवस्था पर भारी दबाव बन गया है। खरीदी गई सरसों का समय पर उठाव नहीं हो पाने के कारण मंडी परिसर, व्यापारियों के प्रतिष्ठानों और गोदामों में जगह की गंभीर कमी पैदा हो गई है। ऐसे हालात में मंडी समिति और व्यापारियों के आपसी समन्वय से शनिवार को मंडावर अनाज मंडी में कृषि जिंसों की नीलामी स्थगित रखने का निर्णय लिया गया है। मंडी क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से सरसों की रिकॉर्ड आवक बनी हुई है। आसपास के गांवों से किसान बड़ी मात्रा में सरसों लेकर मंडी पहुंच रहे हैं, लेकिन खरीदी के बाद माल को अन्य मंडियों और तेल मिलों तक भेजने के लिए पर्याप्त परिवहन साधन उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं। ट्रकों की कमी और दूरस्थ गंतव्यों तक माल भेजने में हो रही देरी के कारण मंडी परिसर में उपज के ढेर लगते जा रहे हैं। व्यापारियों के गोदाम और प्रतिष्ठान लगभग भर चुके हैं, जिससे नई खरीदी गई उपज को सुरक्षित रखने की जगह नहीं बची है। इसी कारण मंडी की नीलामी व्यवस्था प्रभावित हो रही है। अनाज मंडी अध्यक्ष पारस जैन ने बताया कि इस बार क्षेत्र में सरसों की रिकॉर्ड पैदावार के कारण मंडी में आवक सामान्य से कई गुना बढ़ गई है। खरीदी गई उपज का उठाव धीमा पड़ने से भंडारण व्यवस्था प्रभावित हो रही है और गोदामों में जगह की कमी बन गई है। ऐसे में व्यवस्था को संभालने और पहले से खरीदी गई उपज के उठाव को व्यवस्थित करने के लिए शनिवार को नीलामी स्थगित रखने का निर्णय लिया गया है। मंडी प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि वे शनिवार को विक्रय के लिए सरसों या अन्य जिंस लेकर मंडावर अनाज मंडी में न आएं, क्योंकि उस दिन नीलामी नहीं होगी। सरसों की बंपर पैदावार के कारण इस समय मंडी में लगातार दबाव की स्थिति बनी हुई है। दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों सावों का दौर और शादी-विवाह का मौसम चल रहा है, जिसके चलते किसानों को नकदी की आवश्यकता रहती है। ऐसे में फसल बेचने में आने वाला यह व्यवधान किसानों के लिए चिंता का विषय भी बन रहा है। हालांकि मंडी प्रशासन का कहना है कि जैसे ही पहले से खरीदी गई उपज का उठाव सामान्य होगा, नीलामी प्रक्रिया को नियमित रूप से शुरू रखा जाएगा।

# स्विट्ज़रलैंड के प्रतिनिधि मंडल ने पालडीवाला सोसाइटी का किया अवलोकन

## दो दर्जन से अधिक वरिष्ठ जनों से संवाद कर महिला प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र किए वितरित

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**



स्विट्जरलैंड के प्रतिनिधि मंडल ने शुक्रवार को पालडीवाला सोसाइटी का अवलोकन किया। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल ने दो दर्जन से अधिक वरिष्ठ जनों से संवाद कर महिला प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। यह जानकारी देते हुए संस्थान के प्राचार्य राकेश मालवीय ने बताया कि पालरीवाला सोसाइटी स्थित संस्थानों में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्विट्ज़रलैंड के शिक्षाविद् जे.पी. वाल्डर एवं श्रीमती एन.ए. वाल्डर का संस्थान में स्वागत किया गया। उनके साथ मोदी यूनिवर्सिटी के प्रेसिडेंट डॉ. आशुतोष भारद्वाज, प्रो. रजनी पालरीवाला , डॉ. गोपा कुमार , प्रो. आशकरण शर्मा तथा रघुवीर पारीक भी उपस्थित रहे। प्रतिनिधि मंडल व अतिथियों का संस्थान की ओर से स्वागत किया गया। प्रतिनिधि मंडल व अतिथियों ने पालरीवाला सोसाइटी द्वारा संचालित पालरीवाला आईटीआई तथा पालरीवाला वोकेशनल ट्रेनिंग एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट दोनों संस्थानों का भ्रमण कर वहां की प्रशिक्षण सुविधाओं, वर्कशॉप्स और प्रशिक्षण गतिविधियों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षार्थियों से संवाद कर उनके कार्यों और कौशल की सराहना की। इस दौरान मुख्य प्रशासनिक भवन में महिला लाभार्थियों के साथ चर्चा की गई, जहां प्रशिक्षण से जुड़े अनुभव और गतिविधियों की जानकारी साझा की गई।कार्यक्रम के दौरान ब्यूटिशियन एवं टेलरिंग (सिलाई-कढ़ाई) प्रशिक्षण पूर्ण करने वाली महिला प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। अतिथियों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।इस अवसर पर संस्था द्वारा प्रायोजित 25 वरिष्ठ एवं जरूरतमंद नागरिकों को भी विशेष चर्चा के लिए आमंत्रित किया गया। इन नागरिकों को संस्थान द्वारा प्रतिमाह विशेष राशन सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है।अतिथियों ने सोसाइटी द्वारा शिक्षा, कौशल विकास एवं सामाजिक सहयोग के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

# फौलादपुर में बेटी के जन्म पर मनाया बेटे जैसा उत्सव, समाज को दिया सकारात्मक संदेश



**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**

**रमेशचंद ।** फौलादपुर गांव में एक अनोखा और सराहनीय आयोजन हुआ, जहां राज चौधरी और प्रियंका के घर बेटी ईरा के जन्म पर बेटे की तरह उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर परिवार और ग्रामीणों ने मिलकर ईरा के जन्म की खुशी में एक भव्य समारोह आयोजित किया और समाज को बेटियों के सम्मान का सकारात्मक संदेश दिया। इस अवसर पर समर्पण फाउंडेशन ट्रस्ट की ओर से ईरा के माता-पिता और परिवार का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में ट्रस्ट के दीपेश चौधरी के नेतृत्व में परिवार को सम्मानित करते हुए बेटियों को समान अधिकार और सम्मान देने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में पूर्व सरपंच सुंदरपाल, सतपाल सोनू, आजाद सिंह, संगीता, ओमवीर चौधरी, बिजेंद्र चौधरी, रामफल पहलवान और गौरव शर्मा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने बेटी के जन्म पर इस प्रकार खुशी मनाने की पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक कदम बताया। इस आयोजन ने समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने का काम किया है। यह आयोजन उन सभी लोगों के लिए एक उदाहरण है जो बेटियों को बेटों से कम आंकते हैं।

# नगर पालिका सूरजगढ़-सिंघाना को पेयजल की सौगात: 83.39 लाख रुपये की लागत से लगेंगे 5 नए ट्यूबवेल

## विधायक श्रवण कुमार की अनुशंसा पर मिली प्रशासनिक स्वीकृति, गर्मियों में पानी की किल्लत से मिलेगी निजात

**भीम प्रज्ञा न्यूज.सिंघाना।**



विधानसभा क्षेत्र सूरजगढ़ में पेयजल किल्लत को दूर करने के लिए विधायक श्रवण कुमार के प्रयासों को बड़ी सफलता मिली है। सूरजगढ़ विधायक की विशेष अनुशंसा पर राजस्थान सरकार के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (PHED) ने नगर पालिका सूरजगढ़ और सिंघाना क्षेत्र के लिए 5 नए ट्यूबवेल (नलकूप) निर्माण की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी कर दी है। इन विकास कार्यों पर कुल 83.39 लाख रुपये की राशि खर्च की जाएगी, जिससे हजारों लोगों को राहत मिलेगी। नगर कांग्रेस कमेटी सिंघाना के अध्यक्ष डी पी सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि इन ट्यूबवेलों के निर्माण से स्थानीय निवासियों को पानी की समस्या से बड़ी राहत मिलेगी। स्वीकृत प्रस्ताव के अनुसार नगर पालिका सिंघाना के दो ट्यूबवेल कोठी की ढाणी एवं वाल्मीकि मोहल्ला में एव नगर पालिका सूरजगढ़ के तीन ट्यूबवेल नायकों का मोहल्ला (रामदास बगीची के सामने) वार्ड नंबर 01, मुस्लिम मोहल्ला वार्ड नंबर 07 एव वार्ड नंबर 02 में लगाये जाएंगे। विधायक की अनुशंसा के बाद बजट का भी आवंटन कर दिया गया है। इसमें सिंघाना में पाइपलाइन व ट्यूबवेल कार्य के लिए 35.10 लाख रुपये और सूरजगढ़ के कार्यों के लिए 48.29 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। विधायक श्रवण कुमार के इन प्रयासों से स्थानीय निवासियों और कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि नए ट्यूबवेल लगने से इस बार गर्मियों के मौसम में पानी की किल्लत से काफी हद तक निजात मिल सकेगी।

# शाहपुरा में शीतला माता भव्य कलश यात्रा निकली मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा एवं विशाल जागरण भंडारा आज

**भीम प्रज्ञा न्यूज,पलसाना।**



**पवन कुमार शर्मा ।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पंचायत मुख्यालय शाहपुरा स्थित नवनिर्मित शीतला माता मंदिर में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। शाहपुरा के भेरूजी मंदिर से सुसज्जित महिलाओं के द्वारा मंगल कलश यात्रा बैंड बाजे के साथ निकाली गई। वही शीतला माता की मूर्ति का नगर भ्रमण किया गया। कार्यक्रम में श्रद्धालु महिलाएं एवं पुरुष गीतों की धुन के साथ झूमते हुए मुख्य आकर्षण बने रहे। शीतला माता की शक्ति एवं भक्ति का जुनून काफी संख्या में मौजूद लोगों की उपस्थिति ने बहुत ही शानदार बना दिया। जगह-जगह यात्रा का शानदार स्वागत हुआ। शीतला सेवा समिति के कार्यकर्ता ट्रैफिक आवागमन एवं अन्य व्यवस्था को सुंदर बनाने के लिए पूरी तरह से चाक-चौबंद रहे। मुख्य यजमान बजरंग लाल कुमावत ने सपत्नीक पूजन प्रारंभ करवाया । कार्यक्रम में 11 विद्वान पंडितों के द्वारा आवाहित देवताओं की पूजा अर्चना के बाद नवचंडी पाठ शुरू हुए। 14 मार्च को प्रातः 9:15 बजे शीतला माता मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम ब्रह्मचारी दिगंबरा आश्रम श्रीमाधोपुर के संत किशन गिरी महाराज के सानिध्य में होगा। दोपहर में कन्या पूजन के बाद विशाल भंडारे की शुरुआत होगी। रात्रि में गायक विरदीचंद गुर्जर एवं श्योपाल शर्मा एंड पार्टी के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति से मां शीतला का दरबार सजाया जाएगा। वही डांसर सीमा चौधरी एवं सानिया पंजाबी तथा लक्ष्मण छैला के द्वारा हास्य कॉमेडी प्रस्तुत की जाएगी। इस मौके पर ग्राम के गणमान्य नागरिक महिला पुरुष बच्चे मौजूद रहे।

# एम.आर.एस. प्रणामी स्कूल के छह सितारों ने CA फाउंडेशन, CMA फाउंडेशन एवं इन्टरमीडिएट परीक्षा में गाड़े सफलता के झंडे

**भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा।**







शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान रखने वाले स्थानीय एम.आर.एस. प्रणामी स्कूल के छह होनहार विद्यार्थियों ने देश की प्रतिष्ठित CA फाउंडेशन एवं CMA फाउंडेशन, इन्टरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस बड़ी कामयाबी के साथ ही इन विद्यार्थियों ने अपने उज्ज्वल करियर की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। इन छह विद्यार्थियों में निखिल शर्मा (पुत्र मुकेश शर्मा), करिना बंसल (पुत्री रमेश कुमार बंसल), दीक्षांत शर्मा (पुत्र मनीष शर्मा) ने CA फाउंडेशन एवं खुशबू बंसल (पुत्री रमेश कुमार बंसल) ने C, इन्टरमीडिएट परीक्षा में प्रथम प्रयास में सफलता प्राप्त की है। करिना बंसल और खुशबू बंसल सगी बहनें हैं।

वहीं अन्य दो विद्यार्थियों लहर बागड़ी (पुत्री संजय बागड़ी) और रोहित योगी (पुत्र रघुवीर योगी) ने CMA इन्टरमीडिएट परीक्षा में सफलता प्राप्त करते हुए अपने परिवार एवं विद्यालय का नाम पूरे क्षेत्र में रोशन किया है। संस्था प्रांगण में आयोजित एक गरिमामय समारोह में सफल विद्यार्थियों का माल्यार्पण कर एवं मिठाई खिलाकर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर संस्था सचिव अरविंद दाधीच, निदेशक अनिल दाधीच, प्रबंध निदेशक लेफ्टिनेंट आर.डी. शर्मा तथा प्रधानाचार्या निहारिका शर्मा ने विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया। वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष संजय बागड़ी और मनोज शर्मा सहित समस्त स्टाफ ने इस उपलब्धि को टीम वर्क और सही मार्गदर्शन का परिणाम बताया। निदेशक अनिल दाधीच ने जानकारी दी कि विद्यालय में पिछले दो वर्षों से CA, CS, NEET और JEE के विशेष फाउंडेशन बैच संचालित किए जा रहे हैं, जिनका उद्देश्य विद्यार्थियों को स्कूली शिक्षा के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करना है। सचिव अरविंद दाधीच ने कहा कि यह सफलता हमारी 'शिक्षा के साथ समर्पण' की नीति का परिणाम है। इन विद्यार्थियों ने सिद्ध कर दिया है कि यदि संकल्प दृढ़ हो तो कठिन से कठिन परीक्षाएँ भी पास की जा सकती हैं। प्रणामी संस्थान हर उस छात्र के साथ खड़ा है जो बड़े सपने देखने का साहस रखता है। निदेशक अनिल दाधीच ने कहा कि चिड़ावा जैसे क्षेत्र में दो वर्ष पूर्व शुरू किए गए CA/CS एवं CMA फाउंडेशन बैच आज सफलता के रूप में परिणाम दे रहे हैं। हमारे विशेष प्रतियोगी बैचों का उद्देश्य विद्यार्थियों को स्थानीय स्तर पर ही वह कोचिंग उपलब्ध कराना है जिसके लिए पहले उन्हें बड़े शहरों का रुख करना पड़ता था।प्रबंध निदेशक लेफ्टिनेंट आर.डी. शर्मा ने कहा कि अनुशासन और सही दिशा ही सफलता का मूल मंत्र है। इन छह होनहार विद्यार्थियों की उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा स्रोत बनेगी। हम बच्चों को केवल किताबी ज्ञान ही नहीं बल्कि एक स्पष्ट विजन देने में विश्वास रखते हैं।

# तोदी महाविद्यालय में आयोजित साइक्लिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक पलसाना, रजत व कांस्य पदक लक्ष्मनगढ ने जीता

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**



स्थानीय श्री भगवानदास तोदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय सीकर द्वारा प्रायोजित अंतर महाविद्यालय रोड साईक्लिंग( पुरुष) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।महाविद्यालय प्राचार्य डॉ एन एस नाथावत ने बताया कि प्रतियोगिता में भरत राज महाविद्यालय पलसाना के छात्र नीरज सिंह ने साईकिल रेस में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक तथा मेजबान श्री भगवानदास तोदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के छात्र शंकर लाल भाम्बू ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक व शिवलाल भाम्बू ने तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक प्राप्त किया। प्रतियोगिता में कुल चार टीमों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के अंतिम चरण में पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान प्राचार्य डॉ एन एस नाथावत, प्रशासक प्रमेन्द्र सिंह शेखावत, चेयरमैन नामिनी तथा विश्वविद्यालय खेल निदेशक कन्हैयालाल जांगिड द्वारा सभी विजेताओं को ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# शराब ठेके के पास छुरा लहराते युवक पर पुलिस का शिकंजा, घेराबंदी कर किया गिरफ्तार




**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावर।**

**मनोज खंडेलवाल ।** थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए चलाए जा रहे पुलिस गश्त अभियान के दौरान मंडावर पुलिस ने सायपुर पाखर बाईपास रोड स्थित शराब के ठेके के पास हथियार लेकर घूम रहे एक युवक को दबोचते हुए उसके कब्जे से धारदार छुरा बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार बुधवार 12 मार्च की शाम करीब पांच बजे मंडावर थान के एएसआई हरदयालसिंह मय पुलिस जाप्ता क्षेत्र में नियमित गश्त पर थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि सायपुर पाखर बाईपास पर स्थित शराब के ठेके के पास एक युवक हाथ में धारदार हथियार लेकर संदिग्ध रूप से घूम रहा है, जिससे क्षेत्र में किसी अप्रिय घटना की आशंका बनी हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और क्षेत्र में घेराबंदी कर दी। पुलिस वाहन को आते देख युवक ने बचने और छुपने का प्रयास किया, लेकिन सतर्क पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए उसे दबोच लिया।

पुलिस द्वारा तलाशी लेने पर युवक के पास से करीब 30 सेंटीमीटर लंबा धारदार छुरा बरामद हुआ। पूछताछ के दौरान आरोपी युवक सानु पुत्र सलाम मुसलमान, उम्र 27 वर्ष, निवासी मोटूका रोड महवा जिला दौसा के पास इस हथियार को रखने का कोई वैध लाइसेंस या अनुमति नहीं मिली। इसके बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए छुरे को जब्त कर आरोपी को आर्म्स एक्ट के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सार्वजनिक स्थानों पर अवैध हथियार लेकर घूमना गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है और इससे क्षेत्र की शांति व सुरक्षा को खतरा पैदा हो सकता है। ऐसे मामलों में पुलिस की सख्त निगरानी जारी है और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिलते ही तुरंत कार्रवाई की जा रही है। मंडावर पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र में संभावित वारदात को समय रहते टाल दिया गया और आमजन में सुरक्षा को लेकर भरोसा मजबूत हुआ है।

# समाजसेवी स्व. बागड़ी की 12वीं पुण्यतिथि 13 अप्रैल को श्रद्धा पूर्वक मनाई जाएगी

## पुण्यतिथि पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**

जाने माने समाजसेवी स्व. आंनद कुमार बागड़ी की 12वीं पुण्यतिथि 13 अप्रैल को आनंद विला में संतरा देवी आंनद कुमार बागड़ी मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से श्रद्धा पूर्वक मनाई जाएगी।

यह जानकारी देते हुए ट्रस्ट के मंत्री बाबूलाल सैनी ने बताया कि समाजसेवी स्व.बागडी की 12वीं पुण्यतिथि पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर ट्रस्ट के चैयरमेन महेश बागड़ी के निर्देश पर आनंद विला में शुक्रवार को ट्रस्ट के संरक्षक अनिल कुमार बागड़ी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। बैठक में पुण्यतिथि पर आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर मनोज कुमार राकसिया के संयोजकत्व में 11 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया। कमेटी में दिलीप चुनाव, सज्जन कुमार बबेरवाल, नथमल मावलियों की ढाणी, दीनदयाल नेछवा, महेश बिडोदी, एडवोकेट सत्यनारायण सैनी, रतनलाल भभैवा, महावीर जाजम, विनोद गौड़, दीपक कटारिया, मनीष मावलियों की ढाणी को शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि गठित उक्त कमेटी सरकारी सेवा में 01 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक लक्ष्मनगढ विधानसभा क्षेत्र से सरकारी सेवा में चयनित सैनी समाज के युवाओं की सूची तैयार करेगी तथा समाज सेवा, शिक्षा, चिकित्सा सहित विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय व उत्कृष्ट सेवा के लिए दिए जाने वाले स्व. बागड़ी स्मृति शेखावाटी स्तरीय महात्मा ज्योतिबा फुले अवार्ड के लिए विभूतियों का चयन करेंगी तथा चयनित सूचियों के नाम 31 मार्च 2026 तक ट्रस्ट को सौंपेगी। बैठक में कार्यक्रम संचालन, व्यवस्था, संपर्क व समन्वय एवं अतिथियों आदि के लिए समिति को अधिकृत किया गया। बैठक में ट्रस्ट के संरक्षक अनिल कुमार बागड़ी सहित सज्जन कुमार सैनी, महेंद्र कुमार माली, नथमल मावलियों की ढाणी, रतनलाल भभैवा, विनोद गौड़, मनोज राकसिया, मनीष मावलियों की ढाणी, महावीर जाजम, बाबूलाल सैनी आदि मौजूद थे।



# अजमेर-सियालदाह एक्सप्रेस से गिरा यात्री गंभीर घायल, मंडावर से दौसा रेफर

## मंडावर के गढी फाटक पर चलती ट्रेन से गिरकर हुआ घायल।



**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावर।**

**मनोज खंडेलवाल ।** मंडावर थाना क्षेत्र के मंडावर-महवा रोड रेलवे स्टेशन के पास स्थित अलवर-गढ़ी सवाईराम रेलवे फाटक के निकट शुक्रवार दोपहर एक बडा हादसा हो गया, जब अजमेर से सियालदाह जा रही एक्सप्रेस ट्रेन से गिरकर एक यात्री गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना दोपहर करीब साढ़े चार बजे उस समय हुई जब अजमेर-सियालदाह एक्सप्रेस मंडावर-महवा रोड रेलवे स्टेशन क्षेत्र से थ्रू गुजर रही थी। इसी दौरान ट्रेन में सवार एक व्यक्ति अचानक गढ़ी फाटक के पास रेलवे ट्रैक पर गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही मंडावर-महवा रोड रेलवे स्टेशन प्रभारी ने तत्काल 108 एम्बुलेंस और मंडावर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और पुलिस की सहायता से घायल युवक को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मंडावर लाया गया। चिकित्सकों ने जांच के दौरान घायल के पेट और हाथों में गंभीर चोटें पाई, जिसके चलते उसकी हालत नाजुक देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला चिकित्सालय दौसा के लिए रेफर कर दिया गया। इसके बाद मंडावर पुलिस के एएसआई हरदयाल गुर्जर की निगरानी में सरकारी एम्बुलेंस के माध्यम से घायल युवक को दौसा जिला चिकित्सालय भेजा। पुलिस को घायल युवक की जेब से मिले आधार कार्ड के आधार पर उसकी पहचान मनोज राधानाथ मृधा (39) निवासी सिद्धिविनायक छवि, आदिवासी नगर, अप्पा पाड़ा, कुरार गांव, मलाड ईस्ट, मुंबई (महाराष्ट्र) के रूप में हुई है। मंडावर पुलिस ने घायल युवक के पास मिले मोबाइल फोन में सेव नंबरों के आधार पर उसके परिचितों और परिजनों को घटना की सूचना दे दी है।

राष्ट्र निर्माण में प्रबुद्धजनों की भूमिका विषय पर श्री युवक सभा आदर्श विद्या मंदिर में गोष्ठी का हुआ आयोजन

# विघटनकारी शक्तियो को यथोचित उत्तर दे सके यही राष्ट्र के पुनर्निर्माण में प्रबुद्धजनों की भूमिका हो सकती है खास :- शिवप्रसाद

## राष्ट्र निर्माण में प्रबुद्धजन अपनी महत्ती भूमिका निभाने से हो सकता राष्ट्र का पुनर्निर्माण

## विद्यालय में नव स्थापित तीन स्मार्ट बोर्ड, नए फर्नीचर, कंप्यूटर लैब का भी किया उद्घाटन।

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।**

**पवन कुमार शर्मा।** श्री युवक सभा आदर्श विद्या मंदिर मंडावा में शुक्रवार को प्रबुद्ध जन गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ सभी अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती की आराधना के साथ किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के राष्ट्रीय मंत्री शिवप्रसाद ने उपस्थित प्रबुद्धजनों को संबोधित करते हुए संस्कारयुक्त एवं राष्ट्रवादी शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में प्रबुद्धजनों की भूमिका विषय पर संबोधित करते हुए कहा कि भारत विश्व का सबसे प्राचीन राष्ट्र है। राष्ट्र निर्माण में प्रबुद्धजन अपनी महत्ती भूमिका निभाने की बात कही। उन्होंने किसी भी दल की आलोचना ना कर, राष्ट्र के उत्थान व समाज में आत्मीयता के लिए जिम्मेदारी से आगे आने की बात पर बल दिया। उन्होंने बताया कि विघटनकारी शक्तियो को यथोचित उत्तर दे सके यही राष्ट्र के पुनर्निर्माण में प्रबुद्धजनों की भूमिका हो सकती है। इस अवसर पर अतिथियों ने विद्यालय में नव स्थापित तीन स्मार्ट बोर्ड, नए फर्नीचर तथा कंप्यूटर लैब का विधिवत उद्घाटन भी किया। कार्यक्रम में प्रभु दयाल रेगर पूर्व अधिकारी, पोस्ट ऑफिस, राजेंद्र गोयन जिला अध्यक्ष, आदर्श शिक्षण संस्थान,लक्ष्मण सिंह प्रांत सचिव, विद्या भारती उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राजेश शर्मा जिला सचिव, विद्या भारती, झुंझुनू ने किया।

इस अवसर पर सोहनलाल नायक, रिद्धिकारण चेजारा, सज्जन लाल शर्मा, गंगाराम यादव, बुधराम कुमावत, सत्यनारायण शर्मा, संदीप शर्मा, राजेंद्र ठेकेदार, सुरेश सोनी, महेश निर्वाण, विद्याधर सैनी, मुकेश बागड़ी विद्या मंदिर व्यवस्थापक जितेंद्र सुरोलिया भी उपस्थित रहे। विद्या मंदिर के प्राचार्य मनीषा सैनी, सज्जन सैनी, अरविंद खांडल, शीशपाल यादव, ज्ञान प्रकाश गोयनका, बाबूलाल यादव, रामलाल टेलर, भरत मोची, कैलाश शर्मा, संजय सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। विद्या मंदिर के संरक्षक दिनेश धाभाई ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के समापन पर राष्ट्रगीत वंदे मातरम् का सामूहिक गायन किया गया।



# नीमराना जापानी जोन में कचरे के ढेर में लगी भीषण आग, सोसाइटियों पर केमिकल कचरा डालने का आरोप



**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**

**रमेशचंद ।** नीमराना के जापानी जोन औद्योगिक क्षेत्र में काली पहाड़ी गांव के पास गुरुवार देर रात्रि कचरे के बड़े ढेर में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और लपटें दूर-दूर तक फैल गईं, जिससे आसपास के क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया। आग की सूचना मिलते ही जापानी जोन और इंडियन जोन की दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंची। दमकलकर्मियों ने कई घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग के कारण आसपास के क्षेत्र में धुआं फैल गया, जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय ग्रामीण संदीप ने बताया कि आशादीप, एल्डिको और अनंतराज सोसाइटी की ओर से अपना कचरा गांव के कुछ लोगों की मिलीभगत से औद्योगिक क्षेत्र में बंजारा बस्ती के पास डाला जा रहा है। आरोप है कि यहां बने गहरे मिट्टी के गड्ढों में सोसाइटियों का कचरा रात के समय डालकर उसमें आग लगा दी जाती है। ग्रामीणों का कहना है कि यहां केमिकल युक्त कचरा भी डाला जा रहा है, जिससे क्षेत्र का वातावरण लगातार प्रदूषित हो रहा है और हवा की गुणवत्ता भी खराब हो चुकी है। इसके बावजूद संबंधित विभागों द्वारा इस मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि न तो रीको प्रशासन और न ही प्रदूषण नियंत्रण विभाग इस समस्या की ओर ध्यान दे रहा है। वहीं पुलिस भी इस क्षेत्र में नियमित गश्त नहीं करती, जिससे कचरा डालने वालों के हौसले बुलंद हैं और वे देर रात कचरे में आग लगा देते हैं। क्या प्रशासन इस मामले में कोई कार्रवाई करेगा? क्या ग्रामीणों की मांगों को पूरा किया जाएगा?

# 108 कुंडीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

## राणासर के निर्झरा धाम में चल रहा है 108 कुंडीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ

## यज्ञ में पधारे अतिथियों व श्रेष्ठ कार्य करने वालों का शेखावाटी परंपरा के अनुसार हुआ सम्मान- मदनलाल भावरिया



**भीम प्रज्ञा न्यूज.उदयपुरवाटी**

**सुमेर मीणा ।** नीमकाथाना के पास स्थित राणासर गांव के नजदीक निर्झर धाम आश्रम पर बरडा धाम नागौर के श्री श्री 108 श्री सीताराम दास जी महाराज के सानिध्य में चल रहे 108 कुंडीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में शुक्रवार को श्रद्धा का सैलाब उमड पडा द्य यज्ञ प्रेमी मदनलाल भावरिया व यज्ञ सेवा समिति के सानिध्य में शुक्रवार को यज्ञ स्थल पर अतिथियों एवं यज्ञ में श्रेष्ठ कार्य करने वालों का शेखावाटी परंपरा के अनुसार चुनडी का साफा पहनाकर जोरदार सम्मान किया गया द्य शुक्रवार को यज्ञ में पधारे छगन मोदी के रिश्तेदारों व यज्ञमें श्रेष्ठ कार्य करने वाले सही राम भगत कलोटा वाले व जय दयाल शर्मा पूर्व सरपंच, मांगीलाल यादव का भी यज्ञ सेवा समिति के तत्वाधान में शेखावाटी परंपरा के अनुसार जोरदार सम्मान किया गया द्य इस दौरान यज्ञ में आए हुए श्रद्धालुओं ने संतो के भी दर्शन किए द्य करीबन हजारों के तादाद में श्रद्धालुओं ने भंडारे में भी प्रसादी ग्रहण की द्य यज्ञस्थल पर चल रही रासलीला का भी श्रद्धालुओं ने जाम कर ल लुत्फ उठाया द्य इस मौके पर दीपचंद दादरवाल प्रिंसिपल, रतनलाल शर्मा, सुरेंद्र सिंह शेखावत ,नवरंगपुरा सरपंच प्रतिनिधि ताराचंद भावरिया , रिछपाल जाखड़, राणासर सरपंच प्रतिनिधि राजकुमार जाखड़ ,बजरंग लाल पटेल, कैप्टन रामनिवास ताखर ,महेंद्र सिंह तेतरवाल सहित कई लोग मौजूद रहे

# हृदय जांच एवं मेडिसिन कैंप आज गुजरवास में

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडी अटेली।**

**मनोज बुलाण ।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गुजरवास में श्री राम सेवा ट्रस्ट गुजरवास की ओर से 14 मार्च आज शनिवार को हृदय जांच एवं मेडिसिन कैंप का आयोजन किया जाएगा। जिसमें जयपुर हार्ट हास्पिटल नारनौल के हृदय रोग विशेषज्ञ अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। शिविर का शुभारंभ सरपंच वर्षा रानी एवं समाज सेविका बिमला अग्रवाल दीप प्रज्वलन से करेंगी। श्री राम सेवा ट्रस्ट प्रधान ओपी चौहान ने बताया कि कैंप में ईसीसी, ब्लड टेस्ट, डायबिटीज सहित अन्य जांच फ्री की जाएगी। शिविर में सीनियर हार्ट स्पेशलिस्ट डा. एस. एस. यादव, रीढ़ की हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. अजय कुमार अग्रवाल, डा. विनोद कुमार यादव अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। कैंप का समय प्रातः: 9 से दोपहर 2 बजे तक रहेगा।

# ई-रिक्शा बैटरी चोरी का मास्टरमाइंड हिस्ट्रीशीटर वीरेंद्र मीणा गिरफ्तार, 19 मामलों में पहले से नामजद

**भीम प्रज्ञा न्यूज.महवा।**

**मनोज खंडेलवाल ।** महवा थाना क्षेत्र में ई-रिक्शा से बैटरी चोरी के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गिरोह के मुख्य आरोपी और हिस्ट्रीशीटर वीरेंद्र उर्फ विक्रम मीणा को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार आरोपी इलाके का कुख्यात बदमाश है और उसके खिलाफ विभिन्न थानों में हत्या के प्रयास, चोरी, अवैध हथियार समेत करीब 19 आपराधिक प्रकरण पहले से दर्ज बताए जा रहे हैं। पुलिस अब आरोपी से अन्य वारदातों के संबंध में भी गहन पूछताछ कर रही है। महवा सीओ मनोहरलाल मीना के सुपरविजन में थानाधिकारी महवा राजेन्द्र कुमार मीना के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने गुरुवार को यह सफलता हासिल की। पुलिस के अनुसार इस मामले में आरोपी के एक अन्य साथी मांगीलाल मीना को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है तथा चोरी की गई चार बैटरियां भी बरामद कर ली गई हैं। वहीं गिरोह में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश जारी है और पुलिस उनसे जुड़े अन्य मामलों की भी पड़ताल कर रही है। मामले की शुरुआत उस समय हुई जब पीड़ित प्रेमसिंह पुत्र धीरसिंह राजपूत निवासी रैत ने 8 जनवरी 2026 को थाना महवा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में बताया गया कि 24 दिसंबर 2025 की शाम उसने अपना ई-रिक्शा घर के सामने खड़ा किया था, लेकिन अगले दिन सुबह देखा तो अज्ञात बदमाश ई-रिक्शा से चार बैटरियां और एक स्पीकर चोरी कर ले गए। इस पर पुलिस ने थाना महवा में प्रकरण के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। जांच के दौरान पुलिस टीम ने सुराग जुटाते हुए मुख्य आरोपी हिस्ट्रीशीटर वीरेंद्र उर्फ विक्रम मीणा (25) निवासी हडिया, थाना महवा जिला दौसा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि आरोपी से पूछताछ में क्षेत्र में हुई अन्य चोरी की घटनाओं के संबंध में भी महत्वपूर्ण जानकारी मिलने की संभावना है। फिलहाल पुलिस मामले की विस्तृत जांच में जुटी हुई है।

# अटेली में बनेगा राजकीय कालेज का नया भवन, लंबे समय से चल रही थी मांग, स्वास्थ्य मंत्री के प्रयासों से डाइंग स्वीकृत हुई

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडी अटेली।**




**मनोज बुलाण ।** अटेली स्थित राजकीय कालेज के नए भवन निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। कालेज भवन के निर्माण से संबंधित ड्राइंग की स्वीकृति मिल गई है। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के प्रयासों से अब परियोजना को आगे बढ़ाने के लिए प्रशासनिक प्रक्रिया तेज हो गई है। उच्चतर शिक्षा विभाग के निदेशक ने महाविद्यालय की आवश्यक ड्राइंग स्वीकृत होने पर मुख्य आर्किटेक्ट हरियाणा को लेटर जारी करके निर्देश दिये है।

जानकारी के अनुसार राजकीय कालेज अटेली के प्रस्तावित नए भवन की सभी आवश्यक ड्राइंग तैयार कर स्वीकृत कर दी गई हैं। स्वीकृत ड्राइंग का एक सेट संबंधित विभाग को आगे की कार्रवाई के लिए भेज दिया गया है। इन स्वीकृत योजनाओं में कालेज परिसर का ले आउट प्लान, ग्राउंड फ्लोर के साथ प्रथम व द्वितीय तल का प्लान तथा तृतीय और टैरेस लोर का विस्तृत प्लान शामिल है। लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता अश्वनी कुमार ने बताया कि स्वास्थ्य मंत्री के प्रयासों नए भवन की स्वीकृति मिली है। इसमें निर्माण के बाद कालेज में आधुनिक कक्षाएं, बेहतर आधारभूत ढांचा, विद्यार्थियों के लिए सुविधाजनक शैक्षणिक माहौल तथा अन्य आवश्यक संसाधन उपलब्ध होंगे। इससे न केवल कालेज की शैक्षणिक क्षमता में वृद्धि होगी, बल्कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को भी उच्च शिक्षा के लिए बेहतर अवसर मिलेंगे। स्वीकृत ड्राइंग की प्रतियां शीघ्र ही इंजीनियर-इन-चीफ, पीडब्ल्यूडी (बी एंड आर) से रफ कास्ट एस्टीमेट तैयार किया जा सके और निर्माण कार्य को जल्द से जल्द शुरू करने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा सकेगी।



**स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। ग्रामीण और अर्ध शहरी क्षेत्रों में उच्च शिक्षा की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि राजकीय कॉलेज अटेली के नए भवन के निर्माण से क्षेत्र के विद्यार्थियों को आधुनिक शैक्षणिक वातावरण मिलेगा, जिससे उनकी पढ़ाई के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए भी बेहतर माहौल उपलब्ध होगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य प्रदेश के प्रत्येक क्षेत्र में शिक्षा के स्तर को सुदृढ़ करना है और इसके लिए लगातार नए संस्थान, भवन और आवश्यक सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। राजकीय कॉलेज अटेली का नया भवन इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगा, जिससे क्षेत्र में उच्च शिक्षा को और अधिक मजबूती मिलेगी तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गये है।**

# उपभोक्ता आयोग में पेश हुए कलेक्टर-ADM, आयुक्त

## मुख्यमंत्री जन-आवास स्कीम केस; 6 करोड़ के चेक जमा, 500 फ्लैट जल्द सौंपेंगे

**भीम प्रज्ञा न्यूज**

**झुंझुनूं ।** झुंझुनूं में जन आवास स्कीम केस को लेकर शुक्रवार (13 मार्च) को कलेक्टर समेत 6 बड़े अधिकारी जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के सामने पेश हुए। सभी अधिकारियों को समन भेजकर तलब किया गया था। अधिकारियों ने 6 करोड़ के चेक जमा कराए और 500 फ्लैट जल्द सौंपने का वादा किया। इसका असर झुंझुनूं में मुख्यमंत्री जन आवास योजना के 1536 लाभार्थियों पर पड़ेगा। इन्हें न्याय दिलाने के लिए आयोग ने कड़ा रुख अपनाया।

### ये अधिकारी पहुंचे आयोग के समक्ष

उपभोक्ता आयोग के सख्त आदेश के बाद शुक्रवार को जिला कलेक्टर अरुण गर्ग, अतिरिक्त जिला कलेक्टर (ADM) अजय आर्य, नगर परिषद आयुक्त देवीलाल बोचलिया, स्थ्ठरूकौशल्या विश्नोई, तत्कालीन SDM हवाई सिंह यादव और तहसीलदार महेंद्र मूंड आयोग के समक्ष पेश हुए। आयोग के अध्यक्ष मनोज मील ने सभी अधिकारियों पेश होने के लिए समन जारी किए थे। नगर परिषद जिला उपभोक्ता आयोग के फैसले के खिलाफ राज्य आयोग और राष्ट्रीय आयोग में अपील की थी, लेकिन राष्ट्रीय और राज्य राज्य आयोग ने जिला आयोग के फैसले को सही माना। इसके बाद जिला उपभोक्ता आयोग ने कड़ा रुख अपनाया।

कलेक्टर अरुण गर्ग, अतिरिक्त जिला कलेक्टर (ADM) अजय आर्य, नगर परिषद आयुक्त देवीलाल बोचलिया, स्थ्ठरूकौशल्या विश्नोई, तत्कालीन SDM हवाई सिंह यादव, तहसीलदार महेंद्र मूंड आयोग के समक्ष पेश हु कलेक्टर अरुण गर्ग, अतिरिक्त जिला कलेक्टर (ADM) अजय आर्य, नगर परिषद आयुक्त देवीलाल बोचलिया, SDM कौशल्या विश्नोई, तत्कालीन SDM हवाई सिंह यादव, तहसीलदार महेंद्र मूंड आयोग के समक्ष पेश हु नगर परिषद ने जमा कराए 6 करोड़, 500 फ्लैट्स का दिया भरोसा कोर्ट की सख्ती का असर यह हुआ कि कई साल से पैंडिंग मामले में तुरंत कार्रवाई शुरू हो गई है। नगर परिषद ने उपभोक्ताओं के बकाया और मुआवजे के भुगतान के लिए 6 करोड़ रुपए के चेक आयोग में जमा करवाए हैं। जिला प्रशासन और नगर परिषद ने संयुक्त रूप से आश्वासन दिया है कि 500 फ्लैट्स का काम युद्ध स्तर पर पूरा कर जल्द ही उपभोक्ताओं को कब्जा सौंप दिया जाएगा। उपभोक्ता आयोग के हर निर्देश की शत-प्रतिशत पालना की जाएगी। नगर परिषद आयुक्त ने इस मामले हेल्प डेस्क स्थापित करने की बात भी कही है। अधिकारियों की इस सक्रियता के पीछे उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम की धारा 72 का डर भी था।

# लघु सचिवालय में कैंटीन व फोटोस्टेट के लिए खुली बोली 19 मार्च को कोई भी इच्छुक व्यक्ति निर्धारित नियमानुसार दे सकता है बोलीः एसडीएम

**भीम प्रज्ञा न्यूज.टोहाना।**



**रजत विजय रंगा ।** वित्त वर्ष 2026-27 के लिए माह अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 तक के लिए लघु सचिवालय परिसर टोहाना में कैंटीन व फोटोस्टेट की खुली बोली 19 मार्च को सुबह 11 बजे करवाई जाएगी। एसडीएम आकाश शर्मा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि कोई भी इच्छुक व्यक्ति निश्चित तिथि को पहुंचकर बोली दे सकता है। बोलीदाता को निर्धारित बतौर धरोहर राशि 50 हजार रुपये बैंक ड्राफ्ट उपमंडल अधिकारी, टोहाना के नाम, रिहायशी प्रमाण पत्र सहित बोली से पूर्व जमा करवाकर शर्तों अनुसार बोली दे सकता है। एसडीएम ने बताया कि परिसर में कैंटीन व फोटोस्टेट की खुली बोली के लिए चार सदस्यीय कमेटी का भी गठन किया है, जो कमेटी संलग्न शर्ते एवं कचहरी कम्पाउंर नियमानुसार निर्धारित तिथि को अपनी देखरेख में खुली बोली आयोजित करवाएगी। इसके अलावा अधिक जानकारी एवं शर्तों के लिए इच्छुक व्यक्ति नाजर कार्यालय उपमंडलाधीश टोहाना से संपर्क कर सकता है।

# टोहाना में सामाजिक सुरक्षा पेंशन समस्याओं के समाधान के लिए लगाया गया विशेष कैंप



## डीसी डॉ. विवेक भारती के निर्देश पर समाज कल्याण विभाग की पहल, मौके पर ही कई समस्याओं का समाधान

भीम प्रज्ञा न्यूज.टोहाना।

**रजत विजय रंगा** । डीसी डॉ. विवेक भारती के निर्देशानुसार समाज कल्याण विभाग द्वारा टोहाना के नगर परिषद परिसर में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए विशेष कैंप का आयोजन किया गया। डीसी डॉ. विवेक भारती ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि आमजन को सरकारी योजनाओं से जुड़ी किसी भी प्रकार की समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कैंपों का मुख्य उद्देश्य लोगों को दफ्तरों के बार-बार चक्कर लगाने से राहत देना और उनकी समस्याओं का मौके पर ही समाधान सुनिश्चित करना है।

इस बारे जिला समाज कल्याण अधिकारी सत्यवान ढिलोड़ ने कैंप की जानकारी देते हुए बताया कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए टोहाना नगर परिषद में लगाए गए इस कैंप में लगभग 150 आवेदन प्राप्त हुए, इनमें से करीब 50 शिकायतें बैंक खातों से संबंधित थीं, विभाग के कर्मचारियों द्वारा मौके पर ही ठीक कर दिया गया। उन्होंने बताया कि कई लाभार्थियों को पेंशन से जुड़ी तकनीकी समस्याओं, बैंक खाते की जानकारी में त्रुटि, आधार लिंकिंग तथा जन्म तिथि से संबंधित त्रुटियों के कारण परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। जन्म तिथि में सुधार करवाने के लिए क्रीड के कर्मचारियों द्वारा मौके पर ही लाभार्थियों की जन्म तिथि सत्यापित कर उसकी ऑनलाइन रिक्वेस्ट दर्ज की गई, ताकि रिकॉर्ड में आवश्यक संशोधन किया जा सके। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि कैंप में मौजूद अधिकारियों व कर्मचारियों ने लाभार्थियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनका समाधान किया तथा आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया। उन्होंने कहा कि विभाग का प्रयास है कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना का लाभ पात्र व्यक्तियों तक समय पर और बिना किसी बाधा के पहुंचे। उन्होंने पेंशन लाभार्थियों से अपील करते हुए कहा कि यदि किसी को पेंशन से संबंधित कोई समस्या आ रही है तो वे अपने आवश्यक दस्तावेजों के साथ ऐसे कैंपों में पहुंचकर अपनी समस्या का समाधान करवा सकते हैं। इस मौके पर नगर परिषद चेयरमैन नरेश बसंल, नगर पार्षद राम कुमार, सतीश, क्रीड से गुरमेल, लियाकत अलि समाज कल्याण विभाग से अन्वेषक प्रीती, सतपाल,मुकेश, सोनम,अमन, पवन, उदय तथा टोहाना खंड के सभी सीपीएलओ उपस्थित रहे।

# विधायक चंद्रप्रकाश ने एलपीजी की किल्लत पर जताई चिंता, कहा, सरकार करे समुचित व्यवस्था

भीम प्रज्ञा न्यूज.हिसार/मंडी।



**रजत विजय रंगा** । आदमपुर ईरान द्वारा खाड़ी देशों पर और अमेरिका व इजरायल द्वारा ईरान पर किए जा रहे हमलों से पश्चिमी एशिया में जहां तनाव बढ़ रहा है, वहीं देशभर में लोग एलपीजी की कमी से जूझ रहे हैं। एलपीजी की इस किल्लत पर विधायक चंद्रप्रकाश ने चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि लोग कुकिंग गैस के लिए लंबी-लंबी लाइनों में खड़े होने के लिए मजबूर हैं। एलपीजी की भारी कमी से रेस्टोरेंट लगातार बंद हो रहे हैं और जनता दर-दर भटक रही है। उन्होंने कहा कि सरकार इस समस्या का समाधान करने की अपेक्षा केवल आश्वासन देने में जुटी है। विधायक चंद्रप्रकाश ने कहा कि यह स्पष्ट है कि देश में ऊर्जा संकट है। इसके बावजूद सरकार इस संकट को केवल अफवाह बताकर पल्ला झाड़ रही है। सच्चाई तो यह है कि लोग कुकिंग गैस के लिए गैस एजेंसियों के चक्कर काट रहे हैं। विडंबना तो यह है कि गैस एजेंसी संचालक ताला लगाकर इस समस्या से निजात पाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार पहले ही कुकिंग गैस के दाम बढ़ाकर आम आदमी की समस्या बढ़ा चुकी है, उस पर कुकिंग गैस उपलब्ध भी नहीं हो पा रही है। कमर्शियल गैस सिलेंडर न मिलने से रेस्टोरेंट, ढाबा व होटल संचालकों की परेशानी बढ़ गई है। चंद्रप्रकाश ने कहा कि सरकार की उदासीनता देखकर लोग कुकिंग गैस के विकल्प खोजने लगे हैं। इसलिए बहुत से लोग इंडक्शन चूल्हों व डीजल से चलने वाली भट्ठियों की खरीदारी में जुट गए हैं। इतना ही नहीं लोग ब्लैक में भारी दामों पर सिलेंडर खरीदने के लिए मजबूर हैं।

चंद्रप्रकाश ने कहा कि यदि दूरदर्शिता का परिचय दिया जाता तो इस संकट का समय रहते समाधान किया जा सकता था लेकिन सरकार पहले ही अमेरिका के दबाव में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि कुकिंग गैस रोजमर्रा का हिस्सा है और सरकार का यह दायित्व है कि वह उसे नागरिकों को बिना समस्या के उपलब्ध करवाए। उन्होंने कहा कि सरकार की इन नीतियों के चलते जनता में रोष बढ़ता जा रहा है। जनता की इस समस्या को समझते हुए सांसद प्रदर्शन भी कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि यदि ऐसे ही हालात रहे तो जल्द ही पेट्रोल व डीजल के दाम बढ़ने की भी आशंका है। यदि ऐसा हुआ तो ट्रांसपोर्ट और महंगा हो जाएगा और इसका सीधा प्रभाव उत्पादों पर पड़ेगा। इससे लोगों को और अधिक महंगाई का सामना करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। ऐसी स्थिति में सरकार को तुरंत प्रभावी कदम उठाकर जनता को राहत प्रदान करनी चाहिए।

# टोहाना में एलपीजी संकट: लाइन में लगे बुजुर्ग की मौत, कांग्रेस ने निकाली सिलेंडर की शवयात्रा

भीम प्रज्ञा न्यूज.टोहाना।

**रजत विजय रंगा** । प्रदेश के कई जिलों में गैस सिलेंडर संकट के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पंजाब के बरनाला के गांव शैहना में सिलेंडर लेने के लिए लाइन में भूषण कुमार मित्तल ( 66 ) की हार्ट अटैक से मौत हो गई। उनका उनका नंबर 25वां था। वे दो घंटे लाइन में खड़े रहे, फिर अचानक गिर पड़े। होटल-रेस्टोरेंट में गैस का स्टॉक खत्म होने से बिजनेस ठप होने लगे हैं। कई जगह ताले भी लटकने लगे हैं। इस संकट के बीच सिलेंडर की कालाबाजारी भी हो रही है, जिसके विरोध में कांग्रेस ने जयपुर में सिलेंडर की शवयात्रा निकाली। टोहाना में पुलिस की मौजूदगी में एलपीजी सिलेंडर बांटे गए। टोहाना शहर के मकोरा रोड स्थित मुकुल गैस एजेंसी पर गैस सिलेंडर लेने के लिए लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आज सुबह से ही बड़ी संख्या में लोग एजेंसी के बाहर लाइन में खड़े हैं, लेकिन लंबे इंतजार के बाद भी उन्हें सिलेंडर की पर्ची नहीं मिल पा रही थी । लोगों का कहना है कि उन्होंने पहले ही सिलेंडर की बुकिंग करवा रखी है और पर्ची लेने के लिए सुबह करीब 9 बजे से लाइन में हैं। करीब दो घंटे बीत जाने के बावजूद उनका नंबर नहीं आया । कई लोगों ने कहा कि जब तक उन्हें सिलेंडर नहीं मिलेगा, वे घर नहीं जाएंगे। स्थिति को देखते हुए किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए शहर पुलिस भी मौके पर पहुंची और पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में गैस सिलेंडरों का



वितरण कराया गया । भिवानी, गुरुग्राम, रोहतक और रेवाड़ी सहित कई स्थानों पर गैस एजेंसियों के बाहर लंबी कतारें लगी रुडीरों में गैस सिलेंडर की सुचारू आपूर्ति की मांग, दिल्ली सिख गुरुद्वारा कमेटी ने केंद्र सरकार को लिखा पत्र लगे हुए नई दिल्ली: दिल्ली सिख गुरुद्वारा कमेटी ने गुरुद्वारों में रसोई गैस सिलेंडर की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार को पत्र लिखा है। कमेटी ने पत्र के माध्यम से आग्रह किया है कि गुरुद्वारों में चलने वाले लंगर की व्यवस्था प्रभावित न हो, इसके लिए गैस सिलेंडरों की आपूर्ति सुचारू रूप से जारी रखी जाए। फूड डिलीवरी के ऑर्डर 50 से 60 प्रतिशत तक कम हुए गिग एंड प्लेटफॉर्म सर्विस वर्कर्स यूनियन ने कहा कि एलपीजी की किल्लत के कारण जोमैटो और स्विगी जैसे प्लेटफॉर्म्स पर फूड डिलीवरी के ऑर्डर 50 से 60 प्रतिशत तक कम हो गए हैं।

# टोहाना पुलिस की बडी कार्यवाही- बंद मकान में हुई चोरी के मामले में आरोपी काबू

## खिड़की तोड़कर घर में घुसे थे चोर; अलमारी के ताले तोड़कर नकदी और चांदी के सिक्कों पर किया था हाथ साफ-

### सब इंस्पेक्टर पवन कुमार भुक्कल ने अथक प्रयासों से किया गिरफ्तार

भीम प्रज्ञा न्यूज

**रजत विजय रंगा / टोहाना।** पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, आईपीएस के मार्गदर्शन में संपत्ति विरुद्ध अपराधों और चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत, थाना शहर टोहाना पुलिस ने एक बंद मकान में हुई चोरी की गुत्थी को सुलझाते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान दीपक उर्फ राजू पुत्र सुशील उर्फ जैली, निवासी गीता कॉलोनी, टोहाना के रूप में हुई है। थाना शहर टोहाना प्रभारी निरिक्षक कुलदीप ने बताया कि शिकायतकर्ता महेंद्र सिंह भट्टी (निवासी कृष्णा कॉलोनी, टोहाना) ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह 2 दिसंबर 2025 को कनाडा गए थे। जब वह 6 फरवरी 2026 को वापस लौटे, तो उन्होंने देखा कि उनके घर की ऊपर की खिड़की टूटी हुई थी और अलमारियों के ताले भी टूटे मिले। जांच करने पर पता चला कि अज्ञात चोरों ने घर से 15,000 रुपये नकद और दो चांदी के सिक्के चोरी कर लिए थे। पीड़ित की शिकायत पर थाना शहर टोहाना में भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 305/331(4) के तहत मुकदमा नंबर 67/2026 दर्ज किया गया पुलिस टीम ने



तकनीकी साक्ष्यों और स्थानीय खुफिया तंत्र की मदद से जांच करते हुए ठोस साक्ष्यों के आधार पर आरोपी दीपक उर्फ राजू को काबू कर लिया।आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश करके नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी । मामले की जाँच जारी है ।

### फतेहाबाद पुलिस की सुरक्षा अपील

पुलिस प्रशासन आमजन से अपील करता है कि यदि आप लंबे समय के लिए घर से बाहर या विदेश जा रहे हैं, तो इसकी सूचना अपने पड़ोसियों या नजदीकी पुलिस चौकी को जरूर दें। घर में सीसीटीवी कैमरे लगवाएं और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रखें।

# महेंद्रगढ़ से चित्तौड़गढ़ के लिए नई बस सेवा शुरू

## अगले दिन होगी वापसी, राजस्थान के यात्रियों को भी मिलेगा लाभ

भीम प्रज्ञा न्यूज

**नारनौल** । हरियाणा रोडवेज ने महेंद्रगढ़ के कनीना से राजस्थान के चित्तौड़गढ़ तक नई बस सेवा शुरू की है। यह बस सेवा नारनौल होकर संचालित होगी, जिससे क्षेत्र के लोगों को राजस्थान जाने के लिए बेहतर सुविधा मिलेगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए हरियाणा रोडवेज नारनौल डिपो के जीएम देवदत्त ने बताया कि यह बस सेवा प्रतिदिन चलाई जाएगी। जीएम देवदत्त के अनुसार बस सुबह 7 बजे कनीना से रवाना होगी और सुबह करीब 8 बजकर 40 मिनट पर नारनौल पहुंचेगी। इसके बाद बस जयपुर, टोंक, देवली और बेगू होते हुए रात लगभग 10 बजकर 15 मिनट पर चित्तौड़गढ़ पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि कनीना से चित्तौड़गढ़ तक की यात्रा में करीब 15 घंटे का समय लगेगा।



### अगले दिन होगी वापसी

उन्होंने बताया कि चित्तौड़गढ़ से वापसी में बस अगले दिन सुबह 4 बजकर 15 मिनट पर रवाना होगी और शाम करीब 5 बजकर 45 मिनट पर नारनौल पहुंचेगी। वापसी के सफर में करीब 14 घंटे का समय लगेगा। इस बस सेवा से हरियाणा और राजस्थान के कई शहरों के बीच सीधा संपर्क स्थापित होगा, जिससे यात्रियों को काफी सुविधा मिलेगी।

## उत्तम नगर में मछली मंडी में लगी आग, दमकलकर्मी काबू पाने में जुटे

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के उत्तम नगर इलाके में मछली मंडी ( मछली मार्केट ) के पास बुधवार रात को भीषण आग लग गई। यह आग मटियाला क्षेत्र में मछली बाजार के आसपास फैली, जहां घनी आबादी और दुकानें–झुग्गियां हैं। दिल्ली फायर सर्विस को रात सूचना मिली, जिसके बाद दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का अभियान शुरू किया गया। फिलहाल आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हुआ है, लेकिन आग से आसपास की कुछ दुकानें और झुग्गियां प्रभावित हुई हैं। अभी तक किसी के हताहत होने की कोई रिपोर्ट नहीं आई है, लेकिन इलाके में अफरा–तफरी मच गई थी। दमकलकर्मी आग पर काबू पाने की पूरी कोशिश कर रहे हैं ताकि यह आगे न फैले। पुलिस और प्रशासन मौके पर मौजूद हैं।

## बिंदापुर के मंसाराम पार्क में भीषण आग, 80 झुग्गियां जलकर खाक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के बिंदापुर थाना क्षेत्र के मंसाराम पार्क इलाके में बुधवार देर रात अचानक आग लग गई, जिससे इलाके में अफरा–तफरी मच गई। लेकिन मौके पर पहुंची पुलिस और फायर विभाग ने तेजी से आग पर काबू पा लिया। जानकारी के अनुसार, 11 मार्च 2026 की रात 11:57 बजे, पीएस बिंदापुर को एक पीसीआर कॉल मिली कि मंसाराम पार्क की झुग्गियों में भीषण आग लगी है। सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और वहां रहने वाले लोगों को सुरक्षित बाहर निकालकर फायर ब्रिगेड को बुलाया। मौके पर करीब 28 फायर टेंडर पहुंचे और रात 3 बजे तक आग पर काबू पा लिया गया। राहत वाली बात यह थी कि इस आगजनी में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। हालांकि, इस आग में लगभग 80 झुग्गियां जलकर खाक हो गईं। यह पहला मामला नहीं है। कुछ दिन पहले, 7 मार्च 2026 को भी मंसाराम पार्क में आग लगने की सूचना मिली थी। उस समय 8 फायर टेंडर मौके पर भेजे गए थे और आग को जल्दी बुझा लिया गया था। उस घटना में भी कोई जनहानि नहीं हुई थी। उस समय पीएस बिंदापुर में एफआईआर नंबर 155/26, धारा 326(एफ) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था।

# बाबा मंगलनाथ आश्रम में पुण्यतिथि पर भव्य मेला, भंडारा, कुश्ती व कबड्डी प्रतियोगिताओं में उमड़ा जनसैलाब

भीम प्रज्ञा न्यूज.पचेरी।

बाबा मंगलनाथ आश्रम में शुक्रवार को बाबा की पुण्यतिथि के अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रद्धा और उत्साह के साथ विशाल मेले का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के श्रद्धालुओं और ग्रामवासियों की भारी भीड़ उमड़ी तथा पूरे दिन आश्रम परिसर में भक्ति और उत्सव का माहौल बना रहा। पुण्यतिथि के अवसर पर आश्रम में देसी घी का विशाल भंडारा आयोजित किया गया, जिसमें दूर-दूर से आए श्रद्धालुओं और ग्रामवासियों ने प्रसाद ग्रहण किया। साथ ही भजन-कीर्तन का आयोजन भी किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने भक्ति गीतों के माध्यम से बाबा मंगलनाथ को श्रद्धांजलि अर्पित की। भंडारे में सभी ग्रामवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और सेवा कार्यों में सहयोग दिया। मेले के दौरान पारंपरिक खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कबड्डी प्रतियोगिता से हुई, जिसमें खिलाड़ियों ने उत्साह के साथ भाग लिया और अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया। इसके बाद कुश्ती प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें 51 रुपये से लेकर 1100 रुपये तक की तीन-तीन कुश्तियां करवाई गईं,



जबकि 2100 और 3100 रुपये की एक-एक बड़ी कुश्ती भी करवाई गई। खास बात यह रही कि मेले में लड़कियों की भी 1100 रुपये की कुश्ती आयोजित की गई, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। कुश्ती और कबड्डी प्रतियोगिताओं के विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पचेरी कलां थानाधिकारी बनवारीलाल यादव रहें मंच संचालन एडवोकेट हरेश पंवार ने किया। कमेटी के सदस्यों ने खिलाड़ियों को सम्मानित कर उनका मनोबल



बढ़ाया। मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आकर्षण का केंद्र रहे।हरियाणवी कलाकारों द्वारा रागनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कलाकारों ने देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।इस अवसर पर कमेटी के सदस्य समाजसेवी संजय यादव, सूबेदार शक्ति प्रकाश, बेगराज, देवपाल, लीलाधर यादव, सतबीर, लालचंद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे और आयोजन को सफल बनाने में योगदान दिया। कुश्ती दंगल में रेफरी की भूमिका में सूबेदार राजेश यादव, सीताराम पीटीआई, समाजसेवी संजय यादव, मास्टर दयाकिशन यादव, सूबेदार शक्ति सिंह, रोशन लाल, शास्त्री अखाड़ा सुलताना के संचालक पहलवान वीरेंद्र शास्त्री ने भूमिका निभाई वही मास्टर काशीराम यादव, लालाराम हवलदार, बंशीधर, बेगराज बाबुलाल, भोमाराम, सतबीर, लीलाधर यादव सहित काफी लोग मौजूद थे।

# यूएस में टैरिफ पर नए दांव-पेंच: क्या 52 साल पुराने कानून में हो सकते हैं बदलाव

## ट्रंप प्रशासन ने शुरू की जांच

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट द्वारा पूर्व टैरिफ व्यवस्था को रद्द किए जाने के बाद ट्रंप प्रशासन ने विदेशी मैन्युफैक्चरिंग पर नई व्यापार जांच शुरू कर दी है। इस कदम को उन अरबों डॉलर के राजस्व की भरपाई की कोशिश माना जा रहा है जो अदालत के फैसले के बाद सरकार को खोना पड़ा। अमेरिकी प्रशासन ने बुधवार को ट्रेड एक्ट 1974 के सेक्शन 301 के तहत यह जांच शुरू की है। इस प्रक्रिया के तहत विदेशी कंपनियों और देशों की औद्योगिक नीतियों की जांच की जाएगी, जिसके बाद उन पर नए आयात शुल्क (टैरिफ) लगाए जा सकते हैं। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जेमीसन ग्रीर ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि सरकार की नीति में बदलाव नहीं हुआ है, केवल इस्तेमाल किए जाने वाले उपकरण बदल सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य अमेरिकी उद्योग और नौकरियों की सुरक्षा करना है। नई जांच के दायरे में कई बड़े व्यापारिक साझेदार देश शामिल हैं। इनमें भारत, चीन, यूरोपीय संघ, बांग्लादेश, जापान, सिंगापुर, स्विट्जरलैंड, नॉर्वे, इंडोनेशिया, मलेशिया, कंबोडिया, थाईलैंड, दक्षिण कोरिया, वियतनाम, मेक्सिको और ताइवान जैसे देश शामिल हैं। अमेरिकी सरकार इन देशों की उन नीतियों की जांच करेगी जिनसे अमेरिकी कंपनियों को नुकसान हो सकता है। इसमें औद्योगिक सब्सिडी, मजदूरी दमन और अमेरिकी बाजार में लगातार व्यापार अधिशेष जैसे मुद्दों को देखा जाएगा।

विशेषज्ञों का मानना है कि यदि इस जांच के बाद नए टैरिफ लागू होते हैं तो वैश्विक व्यापार में फिर तनाव बढ़ सकता है। इससे पहले लगाए गए टैरिफ के कारण अमेरिका और उसके कई व्यापारिक साझेदारों के बीच तीखी आर्थिक खींचतान देखने को मिली थी। हालांकि ग्रीर ने कहा कि पिछले साल घोषित व्यापार ढांचे अपने आप में अलग हैं और नई जांच उनसे सीधे जुड़ी नहीं है। फिर भी इन समझौतों को ध्यान में रखते हुए आगे का निर्णय लिया जा सकता है।

ट्रंप प्रशासन ने सेक्शन 301 के तहत एक और जांच शुरू करने की घोषणा की है, जिसका उद्देश्य जबरन श्रम से बनाए गए उत्पादों के आयात पर प्रतिबंध लगाने की संभावनाओं का आकलन करना है।

● सुरक्षा और तेल की कीमतों को लेकर चिंता

# ईरान पर सैन्य कार्रवाई सही, घर में घिरे ट्रंप, सर्वे में अमेरिका के लोगों का चौंकाने वाला खुलासा

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** ईरान के खिलाफ अमेरिकी सैन्य कार्रवाई को लेकर अमेरिका में जनता की राय बंटी हुई है। नए सर्वे बताते हैं कि अधिकांश अमेरिकी इस कदम के पक्ष में नहीं हैं और उन्हें डर है कि इससे देश पहले से अधिक असुरक्षित हो सकता है। राजनीतिक ध्रुवीकरण भी साफ दिख रहा है जहां रिपब्लिकन मतदाता राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फैसले के साथ खड़े हैं, वहीं डेमोक्रेट और स्वतंत्र मतदाता चिंता और विरोध में हैं। क्विनिपियाक यूनिवर्सिटी के सर्वे में लगभग 53% रजिस्टर्ड वोटर्स ने ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई का विरोध किया, जबकि 40% ने समर्थन किया और 10% ने स्पष्ट



राय नहीं दी। इप्सोस, वाशिंगटन पोस्ट और ष्टहृह के सर्वे में भी यही रुझान दिखा कि अधिकांश अमेरिकी इस कदम के पक्ष में नहीं हैं। इसके विपरीत, फॉक्स न्यूज के सर्वे में मत लगभग बराबर बंटा हुआ दिखा, जहां आधे मतदाताओं ने समर्थन किया और आधे ने विरोध। क्विनिपियाक के सर्वे में 55% लोगों ने कहा कि उन्हें नहीं लगता कि ईरान ने अमेरिका के लिए तत्काल कोई सैन्य खतरा पैदा किया। वहीं, फॉक्स न्यूज के सर्वे में 60% मतदाताओं ने माना कि ईरान अमेरिका के लिए वास्तविक खतरा है। अमेरिकियों को तेल और गैस की कीमत बढ़ने का डर भी सताता है।

# हार्दिक पंड्या के खिलाफ तिरंगे के अपमान की शिकायत

## वर्ल्ड कप जीत के जश्न के दौरान फ्लैग ओढ़कर जमीन पर लेटने का आरोप

क्रिकेटर हार्दिक पंड्या के खिलाफ तिरंगे के अपमान को लेकर बेंगलुरु में शिकायत दर्ज कराई गई है। पुणे के वकील वाजिद खान बिडकर ने यह शिकायत की है। टी-20 वर्ल्ड कप में भारत की जीत के बाद अहमदाबाद में जश्न के दौरान पंड्या पर तिरंगे का सम्मान न करने का आरोप लगाया गया है।

### वायरल वीडियो के आधार पर शिकायत

शिकायतकर्ता के अनुसार, टीम इंडिया की जीत के बाद मैदान पर जश्न मनाते हुए कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए। एक वीडियो में पंड्या अपने कंधे पर तिरंगा ओढ़कर मैदान पर नाचते और दौड़ते हुए दिखाई दे रहे हैं। आरोप है कि जश्न के दौरान पंड्या अपनी गर्लफ्रेंड के साथ मंच पर लेटे दिखे। उस समय भी उनके कंधे पर तिरंगा था। शिकायतकर्ता का कहना है कि यह राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान के खिलाफ है।

### राष्ट्रीय ध्वज कानून का हवाला

वकील वाजिद खान ने कहा कि द प्रिवेंशन ऑफ इंसल्ट्स टु नेशनल ऑनर एक्ट, 1971 के अनुसार तिरंगे की गरिमा बनाए रखना अनिवार्य है। उनका आरोप है कि जश्न के दौरान हार्दिक पंड्या इस बात का ध्यान नहीं रख पाए, जिसे राष्ट्रीय ध्वज का अपमान माना जा सकता है। इस मामले में उन्होंने इसी कानून की धारा 2 के तहत शिकायत दर्ज कराई है। यह कानून राष्ट्रीय ध्वज, संविधान और राष्ट्रगान जैसे राष्ट्रीय प्रतीकों के अपमान को रोकने के लिए बनाया गया है। इसके तहत तिरंगे को जमीन पर गिरने देना, उसे अनुचित तरीके से पहनना या किसी भी तरह उसकी गरिमा को ठेस पहुंचाना दंडनीय माना जाता है। खान ने बताया कि उन्होंने शिवाजी नगर पुलिस स्टेशन में लिखित शिकायत दी है। शुरुआत में



पुलिस ने कहा कि घटना अहमदाबाद में हुई है, इसलिए मामला वहीं दर्ज होना चाहिए। हालांकि, खान ने तर्क दिया कि तिरंगा पूरे देश का राष्ट्रीय प्रतीक है, इसलिए इसकी शिकायत कहीं भी दर्ज कराई जा सकती है। बाद में पुलिस ने उनकी शिकायत स्वीकार कर ली और उसकी कॉपी भी उन्हें दे दी।

### भारत ने न्यूजीलैंड को हराकर जीता खिताब

भारत ने फाइनल में न्यूजीलैंड को 96 रन से हराकर टी-20 वर्ल्ड कप का खिताब जीता। यह भारत का तीसरा टी-20 वर्ल्ड कप खिताब है। भारत इससे पहले 2007 और 2024 में भी यह ट्रॉफी जीत चुका है। साथ ही, यह पहली बार है जब किसी टीम ने अपने ही देश में टी-20 वर्ल्ड कप जीता और लगातार दो बार खिताब अपने नाम किया।

# मैच फिक्सिंग के आरोप पर वेस्टइंडीज का तेज गेंदबाज सस्पेंड

## आईसीसी ने टाइटंस फ्रेंचाइजी के 2 अधिकारियों को भी निलंबित किया

आईसीसी ने बारबाडोस में 2023-24 बिम10 टूर्नामेंट के दौरान भ्रष्टाचार-रोधी नियमों के उल्लंघनों के कारण तेज गेंदबाज ऑलराउंडर जावोन सर्ल्स टाइटन्स फ्रेंचाइजी के मालिक चित्ररंजन राठौड़ और टीम अधिकारी ट्रेवन ग्रिफिथ को भी सभी प्रकार के क्रिकेट से निलंबित कर दिया है।

सर्ल्स पर क्रिकेट वेस्टइंडीज की भ्रष्टाचार रोधी संहिता के तहत चार आरोप लगाए गए हैं। वे वेस्टइंडीज अंडर-19 टीम का प्रतिनिधित्व किया है। वह कैरेबियाई प्रीमियर लीग में त्रिनबागो नाइट राइडर्स के लिए खेले थे और 2018 में ढ्ढक्क में कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए भी खेल चुके हैं।

### ये आरोप लगाए गए हैं

तीनों पर मैच फिक्सिंग, प्लेयर्स को भ्रष्ट गतिविधियों के लिए उकसाने और जांच में सहयोग न करने के आरोप लगाए गए हैं।

सर्ल्स-ग्रिफिथ पर भ्रष्ट प्रस्तावों की जानकारी अधिकारियों को न देने का भी आरोप है।

ग्रिफिथ पर जांच में बाधा डालने और जानकारी से छेड़छाड़ करने का भी आरोप लगाया गया है।

अब 25 मार्च तक जवाब देना होगा आईसीसी ने कहा कि तीनों को 11 मार्च 2026 से 14 दिनों के भीतर इन आरोपों पर जवाब देना होगा। यह मामला 2023-24 के बीम10 टूर्नामेंट से जुड़ी जांच का




हिस्सा है। इसमें अमेरिका के बल्लेबाज आरोन जोन्स पर भी पांच आरोप लगाए जा चुके हैं।

वेस्टइंडीज का लिमिटेड ओवर टूर्नामेंट है बिम-10 बिम-10 एक 10-10 ओवर की पारियों वाला टूर्नामेंट हैं जिसमें छह टीमें वॉयजर्स, गार्डियंस, टाइटन्स, सेटलर्स, वॉरियर्स और पेलिकन्स टीम खेलती हैं। यह टूर्नामेंट आखिरी बार 2023-24 में आयोजित हुआ था। जो क्रिकेट वेस्टइंडीज के भ्रष्टाचार-रोधी नियमों के अंतर्गत आता है। आईसीसी और क्रिकेट वेस्टइंडीज दोनों ने अपने-अपने भ्रष्टाचार रोधी संहिता के अंतर्गत ये आरोप लगाए हैं।

# गिल को क्रिकेटर ऑफ द ईयर अवॉर्ड देगा बीसीसीआई

## द्रविड़ को लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार मिलेगा; 19 वर्ल्डकप जिताने वाले म्हात्रे भी सम्मानित होंगे

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल को क्रिकेटर ऑफ द ईयर अवॉर्ड से सम्मानित करेगा। वहीं, पूर्व भारतीय खिलाड़ी और हेड कोच राहुल द्रविड़ को कर्नल सीके नायडू लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड दिया जाएगा। न्यूज एजेंसी क्कञ्जढ्ढ ने यह जानकारी दी है।

एजेंसी के मुताबिक, 15 मार्च को दिल्ली में बीसीसीआई का एनुअल अवॉर्ड प्रोग्राम होगा। इस दौरान आयुष म्हात्रे को लाला अमरनाथ अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। म्हात्रे की कप्तानी में भारत इसी साल की शुरुआत में अंडर-19 वनडे वर्ल्ड कप अपने नाम किया था। भारतीय महिला टीम की पूर्व कप्तान मिताली राज को भी लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा घरेलू क्रिकेट में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए मुंबई एसोसिएशन को बेस्ट क्रिकेट एसोसिएशन का पुरस्कार दिया जाएगा। हालांकि अब तक इसे लेकर बीसीसीआई के तरफ से कोई ऑफिशियल बयान नहीं आया है।

### गिल पिछले साल तीनों फॉर्मेट के टॉप स्कोरर

साल 2025 में भारतीय कप्तान गिल का प्रदर्शन शानदार रहा। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 983 रन बनाए, जिसमें इंग्लैंड के खिलाफ खेली गई सीरीज में 70 से ज्यादा की औसत से बनाए गए 754 रन शामिल थे। वनडे में भी गिल ने 490 रन बनाए और भारत के आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने में अहम भूमिका निभाई। कुल मिलाकर उन्होंने सभी फॉर्मेट में 49 की औसत से 1764 रन बनाए, जिसमें सात शतक और तीन अर्धशतक शामिल रहे।

### द्रविड़ ने भारत को 2024 में टी-20 वर्ल्ड चैंपियन बनाया

द्रविड़ को टेस्ट क्रिकेट के महान बल्लेबाजों में गिना जाता है, उन्होंने टेस्ट में 13,288 और वनडे में 10,889 रन बनाए। कोच के रूप में उनके कार्यकाल में भारत ने आईसीसी टूर्नामेंटों में अच्छा प्रदर्शन किया, जिसमें टीम वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल तक पहुंची और 2024 का टी-20 वर्ल्ड कप भी जीता। द्रविड़ ने साल 2012 में क्रिकेट से रिटायरमेंट के बाद इंडिया अंडर-19 टीम की कमान भी संभाली और शुभमन गिल व पृथ्वी शॉ जैसे खिलाड़ियों वाली टीम को साल 2018 में खिताब दिलाया। इस दौरान उन्होंने इंडिया ए टीम के साथ मिलकर भी काम किया।

23 साल का रहा मिताली का इंटरनेशनल करियर मिताली राज का इंटरनेशनल करीब 23 साल का रहा। उन्होंने 1999 में 16 साल की उम्र में आयरलैंड के खिलाफ वनडे से इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू किया और जून 2022 में संन्यास लिया।

मिताली ने 232 वनडे मैचों में रिकॉर्ड 7805 रन बनाए, जो विमेंस क्रिकेट में सबसे ज्यादा हैं। टेस्ट क्रिकेट में उन्होंने 12 मैचों में 699 रन बनाए और 214 रन की पारी खेलकर दोहरा शतक लगाने वाली पहली भारतीय और सबसे युवा महिला खिलाड़ी बनीं। उन्होंने बतौर कप्तान 2004 से 2022 तक भारतीय टीम का नेतृत्व किया और उनकी अगुवाई में भारत 2005 और 2017 के विमेंस वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल तक पहुंचा।

**शुभमन गिल**
**इंटरनेशनल करियर**

**टेस्ट**
मैच-40 | रन-2843
बेस्ट 269 | 50|100-8|10

**वनडे**
मैच-61 | रन-2953
बेस्ट-208 | 50|100-17|8

**टी-20**
मैच-36 | रन-869
बेस्ट-126* | 50|100-3|1



# क्रिकेटर कुलदीप की शादी में होगी 20 हजार की थाली

## शादी का कार्ड राधा-कृष्णा थीम पर, सुनहरी नक्काशी में दिखी रजवाड़े जैसी झलक

भारतीय क्रिकेट टीम के स्पिनर कुलदीप यादव अपनी बचपन की दोस्त वंशिका सिंह के साथ शादी करने जा रहे हैं। शादी में शामिल होने के लिए कानपुर से परिवार और रिश्तेदार मसूरी रवाना हो चुके हैं। यह शादी 14 मार्च (शनिवार) को मसूरी के आलीशान 'वेलकम होटल द सेवॉय' में होगी। इसके तीन दिन बाद यानी 17 मार्च को लखनऊ के होटल सेंट्रम में ग्रैंड रिसेप्शन पार्टी आयोजित की जाएगी। कुलदीप और वंशिका ने 4 जून 2025 को लखनऊ में सगाई की थी। इस शादी का बजट 2 करोड़ रुपये से अधिक होने की संभावना है। कुलदीप और वंशिका की शादी का खूबसूरत और शाही वेडिंग कार्ड भी सामने आया है। निमंत्रण पत्र की थीम राधा-कृष्ण पर आधारित है। इसकी बनावट, नक्काशी और उस पर उकेरी गई कलाकृतियां किसी शाही रजवाड़े का अहसास कराती हैं। कार्ड की कीमत करीब 2200 रुपये बताई जा रही है। वहीं, मेहमानों के लिए वेज और नॉनवेज दोनों तरह के व्यंजन रखे गए हैं। खाने की एक प्लेट की कीमत करीब 20 हजार रुपये है।

### वेडिंग कार्ड की खासियतें...

शाही अंदाज और बारीक नक्काशी कार्ड का बेस हल्के गुलाबी (पीच) रंग का है। इस पर बेहद बारीक फ्लोरल (फूल-पत्तियों) पैटर्न छपा है। कार्ड पर गोल्ड फॉयल वर्क (सुनहरी नक्काशी) है। किनारों पर महल के गुंबदों और आकृतियों को उभारने के लिए सुनहरे रंग का इस्तेमाल किया है, जो इसे एक 3ष्ठ और विंटेज लुक




देता है। कार्ड के ऊपरी हिस्से पर एक शानदार गोल्डन लॉक (बकल) है, जिसके ऊपर गुलाबी फूलों की डिजाइन बनी है।

कार्ड के बीचों-बीच आकर्षक कपल का चित्र उकेरा कार्ड के बीचों-बीच एक बेहद आकर्षक चित्र उकेरा है। इसमें एक शाही महल के झरोखे के सामने एक जोड़े को खड़े दर्शाया है।

# ऑफ कटर से गच्चा खा रहे मॉडर्न बैटर : वर्ल्ड कप के 357 विकेट पेसर्स को, इसमें 68 ऑफ कटर पर गिरे, बुमराह इसके उस्ताद

टी-20 क्रिकेट को हमेशा से बल्लेबाजों का गेम माना जाता है, लेकिन टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में तेज गेंदबाजों ने 'स्लोअर गेंदों' (पेस-ऑफ) के जरिए जोरदार वापसी की। इस पूरे टूर्नामेंट में तेज गेंदबाजों द्वारा फेंकी गई कुल गेंदों में स्लोअर का प्रतिशत 15.88त्न रहा, यानी लगभग हर छठी गेंद गति कम करके फेंकी गई। यह पिछले चार संस्करणों में सबसे ज्यादा है। आधुनिक क्रिकेट में तेज गेंदबाजों के पास लेग-कटर, नकल-बॉल और स्प्लिट-फिंगर जैसी कई नई और जटिल स्लोअर गेंदें मौजूद हैं।

लेकिन, इन तमाम वेरिएशंस के बीच गेंदबाजों का सबसे मारक हथियार बनी एक पुरानी और बेसिक गेंद-'ऑफ-कटर'। विकेट निकालने के लिए गेंदबाजों ने स्लोअर गेंदों की वैरायटी में से इसी साधारण गेंद पर सबसे ज्यादा भरोसा जताया। फाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड के खिलाफ जसप्रीत बुमराह ने इसी स्विंग होती ऑफ-कटर का इस्तेमाल करके 4 कीवी बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा और भारत को शानदार जीत दिलाई। टूर्नामेंट में तेज गेंदबाजों ने कुल 357 विकेट लिए, जिनमें से 68 विकेट सिर्फ ऑफ-कटर से आए। यह टी20 वर्ल्ड कप के किसी एक संस्करण में इस गेंद से लिए गए सबसे ज्यादा विकेट हैं। इस बार 795 ऑफ-कटर गेंदें फेंकी गईं, जो 2016 के पिछले रिकॉर्ड (485) से काफी ज्यादा है।यह गेंद बाएं हाथ के बैटर्स के खिलाफ ज्यादा कारगर रही। उनके खिलाफ इसका औसत 14.03 रहा, जबकि दाएं हाथ के बैटर्स के खिलाफ 21.14।

### पिता के निधन के बाद जितेश की बदली सोच : बोले- वर्ल्डकप टीम से बाहर होने का दुःख छोटा लगा, मैं फिनिशर बनने को तैयार

भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा ने कहा कि टी-20 वर्ल्ड कप की भारतीय टीम में जगह नहीं मिलने से उन्हें निराशा जरूर हुई थी, लेकिन कुछ ही समय बाद उनके जीवन में ऐसा व्यक्तिगत दुख आया जिसने उनकी सोच पूरी तरह बदल दी।

जितेश के पिता मोहन शर्मा का 1 फरवरी को छोटी बीमारी के बाद निधन हो गया। उन्होंने बताया कि उस समय वह सात दिन तक अपने पिता के साथ रहे और उसी दौरान उन्हें एहसास हुआ कि परिवार उनके लिए वर्ल्ड से भी ज्यादा महत्वपूर्ण था। समाचार एजेंसी पीटीआई को दिए एक इंटरव्यू में जितेश ने अपने करियर के उतार-चढ़ाव और निजी जिंदगी पर खुलकर बात की। जितेश बोले- वर्ल्ड कप से ज्यादा मेरे पिता को मेरी जरूरत थी वर्ल्ड कप टीम से बाहर होने के अनुभव पर जितेश ने कहा,जब मुझे पता चला कि मेरा सिलेक्शन नहीं हुआ है, तो मैं थोड़ा निराश था। आखिर मैं भी एक इंसान हूं और बुरा महसूस करना स्वाभाविक है। लेकिन कुछ ही समय बाद मेरे पिता बीमार हो गए और 1 फरवरी को उनका निधन हो गया। मैं उनके आखिरी सात दिनों में उनके साथ था। तब मुझे अहसास हुआ कि मेरे पिता को वर्ल्ड कप से ज्यादा मेरी जरूरत थी।

**बॉलीवुड**

# प्रियंका ने बताई बॉलीवुड छोड़ने की वजह

## कहा- खराब माहौल में रहना पसंद नहीं था, ऐश्वर्या राय बच्चन और मिंडी कलिंग से मिली प्रेरणा

खराब माहौल में रहना पसंद नहीं करती। यह कहना है एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ाका, जिन्होंने हाल ही में बताया कि आखिर उन्होंने बॉलीवुड छोड़कर हॉलीवुड का रुख क्यों किया। प्रियंका ने कहा कि वह भी ऐश्वर्या राय बच्चन और अमेरिकी अभिनेत्री मिंडी कलिंग की तरह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाना चाहती थीं और इसी वजह से उन्होंने नए मौके तलाशने का फैसला लिया।

'नोट स्कीनी बट नोट फेट' पॉडकास्ट में प्रियंका ने अपने करियर के शुरुआती दिनों को याद किया। उन्होंने बताया कि उन्होंने महज 18 साल की उम्र में फिल्मों में कदम रखा था। उनकी पहली फिल्म तमिल भाषा की थामीजेन थी, जिसमें उनके साथ साउथ सुपरस्टार विजय नजर आए थे। प्रियंका ने बताया कि उस समय उन्हें पहली बार स्टारडम की असली ताकत देखने को मिली थी, जब विजय को देखने के लिए सेट पर भारी भीड़ जुट जाती थी। प्रियंका के मुताबिक, करियर की शुरुआत में उन्हें लगता था कि फिल्म इंडस्ट्री का मतलब सिर्फ फेम और लोकप्रियता हासिल करना है। लेकिन समय के साथ उनका नजरिया बदला और उन्होंने समझा कि एक्टिंग सिर्फ शोहरत नहीं, बल्कि एक गंभीर कला भी है। उन्होंने कहा कि अब तक वह करीब 70 फिल्मों में काम कर चुकी हैं और हर प्रोजेक्ट से उन्हें नया अनुभव मिला है।

एक्ट्रेस ने यह भी स्वीकार किया कि एक समय ऐसा आया जब उन्हें बॉलीवुड में खुद को सीमित महसूस होने लगा था। उन्हें लगा कि अगर वह एक ही जगह पर रुक गईं तो नए अवसर नहीं मिल पाएंगे। इसी सोच ने उन्हें हॉलीवुड में किस्मत आजमाने के लिए प्रेरित किया।

प्रियंका ने कहा कि उस दौर में अंतरराष्ट्रीय फिल्म और टीवी इंडस्ट्री में भारतीय कलाकारों की मौजूदगी बहुत कम थी। हालांकि ऐश्वर्या राय बच्चन और मिंडी कलिंग जैसी हस्तियां ऐसी थीं जिन्होंने ग्लोबल लेवल पर अपनी पहचान बनाई। प्रियंका के लिए यह उदाहरण प्रेरणा की तरह था कि भारतीय कलाकार भी दुनिया के मंच पर अपनी जगह बना सकते हैं।

प्रियंका का मानना है कि जीवन में कई बार कठिन हालात आते हैं, लेकिन उन परिस्थितियों में फंसे रहना सही नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर इंसान लंबे समय तक खराब माहौल में रहता है तो वह उसे सामान्य मानने लगता है, इसलिए समय रहते बदलाव करना जरूरी होता है।

आज प्रियंका हॉलीवुड और बॉलीवुड दोनों में सक्रिय हैं और एक ग्लोबल स्टार के तौर पर अपनी अलग पहचान बना चुकी हैं।



# मोनालिसा ने मुस्लिम बॉयफ्रेंड फरमान खान से शादी की

## परिवार के विरोध के बाद पुलिस से मांगी सुरक्षा, महाकुंभ मेले में हुईं थीं वायरल

महाकुंभ में अपनी खूबसूरत आंखों और मासूम मुस्कान के कारण सोशल मीडिया पर वायरल हुईं मोनालिसा एक बार फिर सुर्खियों में हैं। इस बार वजह उनकी पर्सनल लाइफ है। खबरों के मुताबिक मोनालिसा ने अपने मुस्लिम बॉयफ्रेंड फरमान खान के साथ शादी कर ली है। हालांकि इस रिश्ते को लेकर उनके परिवार ने विरोध जताया है, जिसके चलते दोनों को पुलिस से सुरक्षा मांगनी पड़ी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार मोनालिसा और फरमान करीब डेढ़ साल से एक-दूसरे को जानते हैं। दोनों की मुलाकात सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर हुई थी और वहीं से उनकी दोस्ती धीरे-धीरे प्यार में बदल गई। जब दोनों ने शादी करने का फैसला किया तो परिवार ने इसका विरोध किया, जिसके बाद मामला और बढ़ गया।

बताया जा रहा है कि परिवार के विरोध और संभावित खतरे को देखते हुए मोनालिसा अपने बॉयफ्रेंड के साथ केरल के तिरुवनंतपुरम स्थित थंपानूर पुलिस स्टेशन पहुंचीं और पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगाई। दोनों ने पुलिस को बताया कि वे अपनी मर्जी से साथ रहना चाहते हैं और उन्हें किसी तरह की धमकी या दबाव से बचाया जाए।

सोशल मीडिया पर इस मामले से जुड़ा एक वीडियो भी तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें मोनालिसा और फरमान पुलिस स्टेशन में दिखाई दे रहे हैं। वीडियो सामने आने के बाद यह मामला और चर्चा में आ गया है।

मोनालिसा वही लड़की हैं जो महाकुंभ मेले के दौरान अपनी अलग पहचान और नीली-भूरी आंखों के कारण इंटरनेट सेंसेशन बन गई थीं। उस समय उनकी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुए थे और देखते ही देखते वह देशभर में चर्चा का विषय बन गई थीं।

अब उनकी शादी और परिवार के विरोध का मामला भी सोशल मीडिया पर खूब चर्चा बटोर रहा है। कई लोग इस रिश्ते का समर्थन



कर रहे हैं, तो कुछ लोग इसे लेकर अलग-अलग प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। फिलहाल दोनों ने पुलिस से सुरक्षा मांगी है और आगे के फैसले का इंतजार किया जा रहा है।

# धुरंधर वर्ल्डवाइड 500 स्क्रीन्स पर री-रिलीज हुई

## 19 मार्च को आएगी धुरंधर-2, नया गाना आरी-आरी भी रिलीज

19 मार्च को रिलीज होने वाली फिल्म 'धुरंधर: द रिवेंज' यानी धुरंधर 2 से पहले 2025 की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'धुरंधर' को एकबार फिर वर्ल्ड वाइड रिलीज किया जा रहा है। जियो स्टूडियोज और क्च62 स्टूडियोज मिलकर इसे भारत सहित विदेशों में भी बड़े स्तर पर रिलीज कर रहे हैं।

फिल्म का पहला भाग आज यानी 12 मार्च से भारत की 250 स्क्रीन्स पर दोबारा दिखाया जा रहा है। वहीं, 13 मार्च से इसे विदेशों में 250 स्क्रीन्स पर रिलीज किया जाएगा। यानी कुल 500 स्क्रीन्स पर दर्शक एक बार फिर धुरंधर का रोमांच महसूस कर सकेंगे। यह फैसला इसलिए किया गया है ताकि 19 मार्च को सीक्वल देखने से पहले फैंस पुरानी कहानी को बड़े पर्दे पर देख सकें।

### सीक्वल की हाइप बनाने के लिए री-रिलीज

फिल्म को धुरंधर 2 की हाइप बनाने के लिए दोबारा रिलीज की जा रहा है। इस स्ट्रैटेजी का मकसद नए पार्ट के लिए एडवांस बुकिंग में उछाल लाना होता है। भारत में कई फिल्में सीक्वल आने से पहले री-रिलीज की जा चुकी हैं।

**गदर:** एक प्रेम कथा: 2001 की इस ऑल-टाइम ब्लॉकबस्टर को 2023 में गदर 2 की रिलीज से ठीक दो महीने पहले (9 जून 2023) 4य और डॉल्बी एटमॉस साउंड के साथ दोबारा रिलीज किया गया था।

**बाहुबली:** द बिगनिंग: अप्रैल 2017 में बाहुबली 2: द कन्क्लूजन की रिलीज से महज दो हफ्ते पहले करण जौहर और एसएस राजामौली ने पहले भाग को 1000 से ज्यादा स्क्रीन्स पर री-रिलीज किया था।

**अवतार:** भारत में हॉलीवुड फिल्मों का भी यही ट्रेंड रहा है। 2022 में अवतार: द वे ऑफ वाटर (पार्ट 2) की रिलीज से 3 महीने पहले जेम्स कैमरून ने 2009 की ओरिजिनल अवतार को 4य 3ष्ठ में भारतीय सिनेमाघरों में उतारा था।



### धुरंधर 2 का पहला गाना रिलीज

धुरंधर 2 फिल्म के ट्रेलर के बाद अब इसका पहला गाना आरी आरी रिलीज कर दिया गया है। टी-सीरीज के यूट्यूब चैनल पर आए इस गाने में दमदार म्यूजिक और जबरदस्त रैप का तड़का लगाया गया है। ट्रेलर में बैकग्राउंड म्यूजिक के तौर पर सुनने के बाद से ही फैंस इस गाने का इंतजार कर रहे थे। वहीं फिल्म ट्रेलर रिलीज होते ही यूट्यूब पर भारत समेत 45 से ज्यादा देशों में ट्रेंड कर रहा है।

### शशावत सचदेव का संगीत, कई सिंगर्स ने दी आवाज

आरी आरी गाने को म्यूजिक कंपोजर शशावत सचदेव ने तैयार किया है। उन्होंने पंजाबी टच के साथ मॉडर्न म्यूजिक का तालमेल बिठाया है। इस गाने को नवतेज सिंह रेहल (बॉम्बे रॉकर्स), खान साब, जैस्मीन सैंडलस और सुधीर यदुवंशी ने अपनी आवाज दी है। गाने के बोल गीतकार इरशाद कामिल ने लिखे हैं, जबकि रैप वाले हिस्से को रेबेल और टोकन ने तैयार किया है।

### 5 भाषाओं में रिलीज होगी धुरंधर 2

'धुरंधर: द रिवेंज' 19 मार्च 2026 को दुनिया भर में रिलीज होने के लिए तैयार है। मेकर्स इसे हिंदी के साथ-साथ तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में भी रिलीज कर रहे हैं। रिलीज का समय काफी खास है, क्योंकि इसी दौरान गुड़ी पड़वा, उगादि और ईद जैसे बड़े त्यौहार आ रहे हैं।



### वंशज सिंह के खिलाफ

# रिद्धिमा पंडित

## का लीगल एक्शन, ऑनलाइन हैरासमेंट को लेकर पुलिस में दर्ज कराई शिकायत

टीवी की मशहूर एक्ट्रेस एक्ट्रेस रिद्धिमा पंडित कलर्स टीवी और जियो हॉटस्टार के रिएलिटी शो 'द 50' से बाहर हो गई हैं. लेकिन शो से बाहर आने के बाद भी उनका गुस्सा कम होने का नाम नहीं ले रहा है और यही वजह है कि उन्होंने 'द 50' के अपने साथी कंटेस्टेंट और डिजिटल क्रिएटर वंशज सिंह के खिलाफ कानूनी मोर्चा खोल दिया है. रिद्धिमा ने न केवल वंशज को लीगल नोटिस भेजा है, बल्कि मुंबई की साइबर पुलिस में भी उनके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है.विवाद की शुरुआत 'द 50' के दौरान हुई थी. शो में एक टास्क के दौरान रिद्धिमा और वंशज के बीच तीखी बहस हुई थी, जिसमें रिद्धिमा ने उन्हें 'बदतमीज' कहा था और जवाब में वंशज ने उन्हें 'आंटी' कहा था. शो के अंदर के इस झगड़े ने बाहर आते ही सोशल मीडिया पर एक खतरनाक मोड़ लिया और वंशज और उनकी टीम ने रिद्धिमा को बुरी तरह से ट्रोल करना शुरू किया.

**ऑनलाइन हैरासमेंट ने की हदें पार**

जब इन ट्रोल ने हदें पर कर दी, तब रिद्धिमा ने इसके खिलाफ आवाज उठाने का फैसला ले लिया और उनके खिलाफ शिकायत दर्ज की. रिद्धिमा का दावा है कि उन्हें पिछले कई दिनों से उन्हें रेप, मोलेस्टेशन, जान से मारने की धमकियां दी जा रही हैं. भद्दे और अश्लील मैसेज के साथ उनके परिवार को भी निशाना बनाया जा रहा है.



**वंशज सिंह की प्रतिक्रिया**

लीगल नोटिस मिलने के बाद वंशज सिंह अपनी हरकत से बाज नहीं आए. उन्होंने फिर एक बार सोशल मीडिया पर रिद्धिमा पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रिय रिद्धिमा पंडित, आपको उन ताकतों का अंदाजा भी नहीं है, जिन्हें आपने आपके इस कदम से एक्टिवेट किया है. इतना नहीं नहीं, उन्होंने उन्हें मिली नोटिस की फोटो शेयर करते हुए हंसने वाली इमोजी शेयर की.

**रिद्धिमा की टीम ने की पुष्टि**

रिद्धिमा की टीम ने आधिकारिक तौर पर इस एक्शन की पुष्टि करते हुए कहा, हां, यह बिल्कुल सच है. हमने वंशज के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है और प्रक्रिया जारी है. शो की बात करें तो 'द 50' का फिनाले 22-23 मार्च के आसपास होने की उम्मीद है. शो में फिलहाल प्रिंस नरूला, रजत दलाल, मिस्टर फैजू और अर्चना गौतम जैसे दिग्गज कंटेस्टेंट्स बने हुए हैं. करण पटेल ने अपनी जगह वंशज को देकर खुद शो छोड़ दिया था, जिससे वंशज अभी भी गेम का हिस्सा हैं. लेकिन रिद्धिमा के इस कड़े कदम ने ये साफ कर दिया है कि स्क्रीन का झगड़ा अब असल जिंदगी की कानूनी लड़ाई बन चुका है.

# सपना चौधरी

## और अर्चना गौतम ने क्यो मांगी माफी? यंग सैमी ने बाहर आकर खोली सबकी पोल



जियो सिनेमा के सबसे चर्चित और विवादित रियलिटी शो 'द 50' से एक और चौंकाने वाली विदाई हो गई है. नाइजीरियाई मूल के भारतीय रैपर और अपनी सादगी से सबका दिल जीतने वाले यंग सैमी शो से बाहर हो गए हैं. घर से बाहर निकलते ही सैमी के तेवर बदले-बदले नजर आ रहे हैं.डिजिटल के साथ की खास बातचीत में उन्होंने शो की कंटेस्टेंट अर्चना गौतम को आड़े हाथों लिया और साथ ही हरियाणवी डांसर सपना चौधरी की ओर से उन पर की गई रंगभेदी कमेंट पर भी खुलकर बात की.सवाल: सैमी, आपका एविक्शन काफी चौंकाने वाला था. फैजू और रजत दलाल की टीम की तरफ से इस तरह से आपको बाहर का रास्ता दिखाना सही था?




सैमी का जवाब: देखिए, 'द 50' एक गेम है और इसे मैं पूरी तरह समझता हूं. उस वक्त दूसरी टीम यानी फैजू और रजत के पास पावर थी कि वो चार लोगों को बाहर कर सकें. उनकी टीम को अपनी संख्या बढ़ानी थी और हमारी टीम को कमजोर करना था. अगर मुझे मौका मिलता, तो शायद मैं भी यही करता. इसमें कुछ भी 'पर्सनल' नहीं है. रजत और फैजू सिर्फ अपना गेम खेल रहे थे और उन्होंने वही किया जो उनके लिए सही था.

**अर्चना गौतम ने आपके बारे में एक भद्दा कमेंट किया. उन्होंने कहा कि आप फ्री का खाने आए हैं. जब आपने ये सुना तो आपका क्या रिएक्शन था ?**

यंग सैमी- अर्चना की वो बात बहुत ही घटिया और अनकॉल्ड फॉर (अनावश्यक) थी. उन्होंने कहा कि सैमी को बाहर निकालो, वो यहां फ्री का खाने आया है. मुझे उस वक्त इतना गुस्सा आया था कि मैं वहीं उन्हें जवाब देना चाहता था. लेकिन फिर मुझे अहसास हुआ कि शायद आज मेरा शो का आखिरी दिन है, तो मैं लड़ाई-झगड़े और निगेटिविटी के साथ घर नहीं जाना चाहता था. मैंने उस बात को पी लिया और बहुत ही शांति से एग्जिट दरवाजे के पास चला गया.लेकिन जब मैं घर से बाहर निकल रहा था, तब अर्चना मेरे पास आईं और ऐसे नाटक करने लगीं जैसे उन्हें मेरे जाने का बहुत दुख हो. तब मेरा पारा चढ़ गया.

## न 50 लाख कैश, न कार और न टीवी...बिग बॉस ने विनर गौरव खन्ना को अब तक कुछ नहीं दिया




टीवी के मशहूर एक्टर गौरव खन्ना ने सलमान खान के रिएलिटी शो 'बिग बॉस 19' का खिताब अपने नाम किया था. उन्होंने ये ट्रॉफी 7 दिसंबर 2025 को जीती थी. इस साल बिग बॉस के विनर को प्राइज मनी के तौर पर 50 लाख रुपये दिए जाने का ऐलान हुआ था. साथ ही कार और टीवी भी उन्हें मिलनी थी. मगर तीन महीने से ज्यादा वक्त बीत जाने के बाद भी गौरव खन्ना को बिग बॉस की प्राइज मनी, कार और टीवी नहीं मिल पाई है. इस बात का खुलासा उन्होंने खुद अपने यूट्यूब व्लॉग में किया है.

कई फैंस ने गौरव से कैश प्राइज, कार और टीवी मिलने को लेकर सवाल किया था. अपने व्लॉग में गौरव ने फैंस के सवालों का जवाब भी दिया. उन्होंने कहा, अब तक मुझे वो चीज़ें नहीं मिली हैं. यानी गौरव भले ही बिग बॉस 19 की ट्रॉफी अपने घर ले आए हों, लेकिन कैश प्राइज और जो भी चीज़ें उन्होंने शो में जीती थीं, उसके लिए उन्हें अभी और इंतज़ार करना होगा.

**गौरव की लाइफ में आया बदलाव**

बिग बॉस 19 का हिस्सा बनने के बाद गौरव खन्ना की लाइफ में काफी बदलाव आया है. वैसे तो गौरव पहले भी एक्टर थे, पर बिग बॉस ने काफी कुछ बदल दिया है. उन्हें अब लोग पहचानने लगे हैं. गौरव ने कहा, एक एक्टर के लिए ये बहुत खास होता है कि लोग आपको आपके असली नाम से पहचाने.

**प्रोफेशनल नहीं, पर्सनल लाइफ बदली**

उन्होंने कहा, बिग बॉस ने मेरे करियर से ज्यादा मेरी पर्सनल जिंदगी पर ज्यादा असर डाला है. ये कहना अभी जल्दबाज़ी होगी कि ये कैसे मेरे काम को भविष्य में बदलेगा. पहले लोग, ज्यादातर मुझे, मेरे निभाए गए कैरेक्टर, जैसे अबीर, शरमन, केविन या अनुज से पहचानते थे और वो मुझे इसी नाम से पुकारते थे. पर चीज़ें बदल गई हैं.

मैं कहीं भी जाऊं, यहां तक कि मैं दुबई में भी लोग जीके जीके, गौरव कहकर बुलाते हैं. कई सालों तक अलग अलग रोल निभाने के बाद जब लोग आपको आपके असली नाम से बुलाते हैं तो ये बहुत खास होता है.

## सहेली के पति से की थी शादी, 3 साल 3 महीने में ही हुआ हंसिका मोटवानी-सोहेल कथूरिया का तलाक




एक्ट्रेस हंसिका मोटवानी अपनी खूबसूरती के लिए काफी चर्चा में रहती हैं. उन्होंने एक चाइल्ड एक्टर के तौर पर तो काफी शोहरत बटोरी, लेकिन बड़े होने के बाद एक्टिंग की फील्ड में उनका सिक्का ज्यादा चला नहीं. हंसिका ने हिमेश रेशमिया की फिल्म आप का सुरूर से एल्डर आर्टिस्ट के तौर पर अपना बॉलीवुड डेब्यू किया था, लेकिन उनको वो शोहरत हासिल नहीं हुई, जिसकी उन्हें तलाश थी. हंसिका अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर अब ज्यादा सुर्खियों में रहती हैं.हंसिका की शादी को लेकर एक नई खबर सामने आई है, जिसने उनके चाहने वालों का दिल तोड़ दिया है. दरअसल, खबर है कि हंसिका मोटवानी अपने पति सोहेल कथूरिया संग तलाक ले चुकी हैं. दोनों ने अपनी तीन साल तीन महीने की शादी को खत्म कर दिया है.

**आपसी सहमति से लिया तलाक**

जानकारी के मुताबिक, ये तलाक आपसी सहमति से हुआ है. इस तलाक में किसी भी तरह की एलिमनी की डिमांड नहीं की गई, बिना शर्त के ये तलाक कोर्ट से लिया गया है. हंसिका के वकील एडवोकेट अदनान ने ये बताया कि दोनों ने शादी तो की थी, लेकिन एक वक्त के बाद दोनों को ये समझ आया कि उनके व्यवहार और जीवनशैली में काफी फर्क है, जिससे दोनों के बीच दिक्कतें बढ़ने लगीं. इसके बाद दोनों ने तलाक लेने का फैसला कर लिया. कोर्ट ने कपल के तलाक को मंजूरी दे दी है.

**2024 से अलग-अलग रह रहे थे हंसिका-सोहेल**

फाइल की गई याचिका में ये भी कहा गया कि कपल के परिवार वालों और दोस्तों ने दोनों को समझाने और शादी को एक और मौका देने की बात कही, लेकिन कई कोशिशों के बाद भी दोनों में सामन्जस्य नहीं बैठा, जिसके बाद दोनों ने तलाक का रास्ता चुना. ये बात भी सामने आई कि हंसिका और सोहेल एक दूसरे से 2 जुलाई 2024 से अलग-अलग रह रहे थे. हंसिका और सोहेल ने 4 दिसंबर 2022 को बिजनेसमैन सोहेल कथूरिया संग शादी की थी.

हंसिका की शादी को लेकर कुछ अटकले भी थीं. दरअसल, सोहेल हंसिका की करीबी दोस्त के पति थे. हंसिका पर उनकी दोस्त का घर तोड़ने का आरोप लगा था. इस वजह से सोशल मीडिया पर उन्हें काफी ट्रोल किया गया और लोगों ने उन्हें 'होमब्रेकर' (घर तोड़ने वाली) तक कह दिया था. सोहेल की पहली पत्नी रिंकी बजाज, हंसिका की दोस्त थीं, और हंसिका ने उनकी पहली शादी में भाग भी लिया था, जो इंटरनेट पर वायरल हो गया था. इस पर काफी कंट्रोवर्सी हुई थी.

## संक्षिप्त समाचार

### इराक के बसरा बंदरगाह पर हमला, तेल केंद्रों पर कामकाज रुका

**बगदाद, एजेंसी।** इराक के बसरा बंदरगाह पर एक बड़ा हमला हुआ है। इस हमले में एक व्यक्ति की जान चली गई। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि इस घटना के बाद देश के सभी तेल केंद्रों पर कामकाज रोक दिया गया है। इराक की सरकारी पोर्ट कंपनी के महानिदेशक फरहान अल-फरतौसी ने एक बयान में इसकी पुष्टि की। उन्होंने बताया कि यह हमला फारस की खाड़ी में बसरा बंदरगाह के पास एक जहाज पर हुआ। जिस समय हमला हुआ, उस समय जहाज से सामान दूसरे जहाज पर भेजा जा रहा था। अभी यह साफ नहीं है कि हमला ड्रोन से हुआ या मिसाइल से। यह भी पता नहीं चला है कि हमला हवा से हुआ या पानी से। बचाव दल ने मौके से एक शव बरामद किया है और 38 अन्य लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया है। अधिकारियों के अनुसार इराक के व्यापारिक बंदरगाह अभी खुले हैं। लेकिन तेल से जुड़े सभी टर्मिनलों को बंद कर दिया गया है।

### इट हाउस के पास कार ने सुरक्षा बैरिकेड तोड़ा, सड़कों को बंद किया गया, ड्राइवर गिरफ्तार

**वॉशिंगटन डीसी , एजेंसी।** वॉशिंगटन डीसी में व्हाइट हाउस के पास बुधवार तड़के एक वैन(कार) ने सुरक्षा बैरिकेड तोड़ दिया, जिसके बाद पूरे इलाके को सील कर दिया गया। घटना लाफायेट स्क्वायर के पास हुई। ड्राइवर को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। यूएस सीक्रेट सर्विस ने कहा कि संदिग्ध वाहन की जांच की जा रही है। ड्राइवर को हिरासत में लिया गया है और उससे पूछताछ हो रही है। घटना के बाद व्हाइट हाउस के आसपास की कई प्रमुख सड़कों को बंद कर दिया गया, जिससे सुबह के व्यस्त समय में यातायात प्रभावित हुआ। मामले की जांच जारी है।

### ईरान पर सैन्य कार्रवाई सही? घर में घिरे ट्रंप, सर्वे में अमेरिका के लोगों का चौंकाने वाला खुलासा

**वाशिंगटन, एजेंसी।** ईरान के खिलाफ अमेरिकी सैन्य कार्रवाई को लेकर अमेरिका में जनता की राय बंटी हुई है। नए सर्वे बताते हैं कि अधिकांश अमेरिकी इस कदम के पक्ष में नहीं हैं और उन्हें डर है कि इससे देश पहले से अधिक असुरक्षित हो सकता है। राजनीतिक ध्रुवीकरण भी साफ दिख रहा है जहां रिपब्लिकन मतदाता राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फैसले के साथ खड़े हैं, वहीं डेमोक्रेट और स्वतंत्र मतदाता चिंता और विरोध में हैं। सर्वे रिपोर्ट में क्या सामने आया क्विनिपियाक यूनिवर्सिटी के सर्वे में लगभग 53% रजिस्टर्ड वोटर्स ने ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई का विरोध किया, जबकि 40% ने समर्थन किया और 10% ने स्पष्ट राय नहीं दी। इप्सोस, वाशिंगटन पोस्ट और ष्टहृह के सर्वे में भी यही रुझान दिखा कि अधिकांश अमेरिकी इस कदम के पक्ष में नहीं हैं। इसके विपरीत, फॉक्स न्यूज के सर्वे में मत लगभग बराबर बंटा हुआ दिखा, जहां आधे मतदाताओं ने समर्थन किया और आधे ने विरोध। सुरक्षा और तेल की कीमतों को लेकर चिंता क्विनिपियाक के सर्वे में 55% लोगों ने कहा कि उन्हें नहीं लगता कि ईरान ने अमेरिका के लिए तत्काल कोई सैन्य खतरा पैदा किया। वहीं, फॉक्स न्यूज के सर्वे में 60% मतदाताओं ने माना कि ईरान अमेरिका के लिए वास्तविक खतरा है। अमेरिकियों को तेल और गैस की कीमत बढ़ने का डर भी सताता है। इप्सोस के 6-9 मार्च सर्वे में लगभग दो-तिहाई लोगों ने कहा कि आने वाले एक साल में पेट्रोल की कीमतें और बढ़ सकती हैं। रिपब्लिकन मतदाताओं में भी इस बात की चिंता देखी गई। अमेरिकी सैनिकों की सुरक्षा और विश्वास क्विनिपियाक और फॉक्स न्यूज के अनुसार लगभग आधे मतदाता मानते हैं कि ईरान पर सैन्य कार्रवाई से अमेरिका कम सुरक्षित हो सकता है, जबकि लगभग 30% का मानना है कि इससे देश सुरक्षित हुआ। ष्टहृह के सर्वे में करीब 60% लोगों ने ट्रंप पर भरोसा कम या बिल्कुल नहीं होने की बात कही। शिकागो यूनिवर्सिटी के एनओआरसी सर्वे में भी 56% अमेरिकी विदेशों में सैन्य कार्रवाई को लेकर ट्रंप के फैसलों पर भरोसा कम दिखा रहे हैं। जमीनी सैनिक भेजने को लेकर मत क्विनिपियाक के सर्वे में तीन-चौथाई मतदाता ईरान में अमेरिकी जमीनी सैनिक भेजने के खिलाफ हैं। केवल 20% लोग इस कदम के पक्ष में हैं। रिपब्लिकन मतदाताओं में भी 52% सैनिक भेजने के खिलाफ हैं, जबकि 37% इसका समर्थन करते हैं। हाल ही में 6 अमेरिकी सैनिकों की मौत की खबर ने सार्वजनिक चिंता बढ़ा दी है। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा कि सरकार पहले से यह तय नहीं बता सकती कि यह संघर्ष कितनी दूर तक जाएगा।



# ईरान का फारस की खाड़ी में अमेरिकी जहाज पर हमला: एक भारतीय की मौत

**तेल अवीव/तेहरान, एजेंसी।** अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का आज 13वां दिन हैं। ईरान ने बुधवार रात फारस की खाड़ी में 'सेफसी विष्णु' नाम के एक अमेरिकी तेल टैंकर (जहाज) पर हमला किया। इसमें एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई। न्यूज एजेंसी क्क्षद्ध के मुताबिक हमले में आत्मघाती नाव (सुसाइड बोट) का इस्तेमाल किया गया। जहाज पर मौजूद बाकी 27 लोग सुरक्षित बचा लिए गए। ये जहाज मार्शल आइलैंड के झंडे के तहत चल रहा था। फिलहाल मारे गए भारतीय नागरिक की पहचान सार्वजनिक नहीं की गई है। दूसरी ओर ईरान के राष्ट्रपति मसूज पजशकियान ने कहा कि जंग खत्म करने के लिए तीन शर्तें जरूरी हैं 1. ईरान के कानूनी अधिकारों को मान्यता दी जाए, 2. युद्ध के नुकसान की भरपाई की जाए, 3. भविष्य में हमला न होने की अंतरराष्ट्रीय गारंटी मिले।

**अमेरिकी नाव पर ईरान का हमला, एक भारतीय की मौत :** ईरान की तरफ से किए गए हमले में एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई। यह हमला इराक के समुद्री इलाके में एक तेल टैंकर पर हुआ।

न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक सेफसी विष्णु नाम के तेल टैंकर पर हमला किया गया। यह जहाज अमेरिका की कंपनी का है और मार्शल आइलैंड के झंडे के तहत चल रहा था। हमला खोर अल जुबैर बंदरगाह के पास हुआ। रिपोर्ट के मुताबिक हमले में आत्मघाती



नाव (सुसाइड बोट) का इस्तेमाल किया गया। जहाज पर मौजूद बाकी 27 लोग सुरक्षित बचा लिए गए। उन्हें बाद में बसरा शहर ले जाया गया। फिलहाल मारे गए भारतीय नागरिक का नाम सार्वजनिक नहीं किया गया है।

**ईरान की टॉप लीडरशिप खत्म, फिर कैसे जंग लड़ रहा :** ईरान और अमेरिका-इजराइल के बीच 12 दिनों से जंग जारी है। पहले ही दिन सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत के बाद अब तक करीब 50 टॉप अधिकारी हमले में मारे गए हैं। इसके बावजूद ईरान दावा कर रहा है कि वह लंबे समय तक जंग लड़ सकता है। अल जजीरा के मुताबिक इसके लिए ईरान ने एक खास स्ट्रेटजी बनाई है, जिसमें सेना का कमान किसी के पास नहीं बल्कि 7 छोटे-छोटे हिस्सों में बांट दी गई है। इसके अलावा हर पद के लिए 4 संभावित उत्तराधिकारी पहले से तय कर दिए गए हैं।

**होर्मुज से भारतीय तेल टैंकरों के लिए रास्ता खोला :** सूत्रों के अनुसार, विदेश मंत्री एस. जयशंकर और ईरानी समकक्ष अब्दुल्ला अब्बास अराघची के बीच हुई बातचीत के बाद ईरान ने होर्मुज जलसंधि से दो भारतीय तेल टैंकरों (पुष्पक और परिमल) के गुजरने की अनुमति दी है।

**कुवैत में ड्रोन हमले में दो घायल :** कुवैत की रक्षा मंत्रालय ने बताया कि आज सुबह दक्षिणी इलाके में एक दुश्मन ड्रोन ने आवासीय भवन को निशाना बनाया। मंत्रालय के एक्स पोस्ट के अनुसार, इस हमले में कम से कम दो लोग घायल हुए और उन्हें आवश्यक उपचार दिया जा रहा है। इसके अलावा हमले से भवन और संपत्ति को भी सामग्रीगत नुकसान हुआ है।

**ईरान के राष्ट्रपति का शांति और युद्ध समाप्ति पर दिया बयान :** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा है कि उन्होंने रूस और पाकिस्तान के नेताओं से बातचीत में क्षेत्र में शांति बनाए रखने की ईरान की प्रतिबद्धता दोबारा जताई है। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान संघर्ष को समाप्त करने का एकमात्र तरीका ईरान के वैध अधिकारों को मान्यता देना, हानियों के लिए मुआवजा देना और भविष्य में किसी भी आक्रमण को रोकने के लिए ठोस अंतरराष्ट्रीय गारंटी प्राप्त करना है। उनके अनुसार यह युद्ध जायनिस्ट शासन और अमेरिका की शुरूआत का परिणाम है और तभी इसे रोका जा सकता है जब इन शर्तों को स्वीकार किया जाए। यूनाइटेड किंगडम की मैरिटाइम ट्रेड ऑपरेशंस एजेंसी ने बताया कि यूएई के जेबल अली से लगभग 35 समुद्री मील उत्तर में एक कंटेनर जहाज पर हमला हुआ। एजेंसी के अनुसार जहाज के कप्तान ने रिपोर्ट दी है कि जहाज को अज्ञात प्रक्षेप्य ने निशाना बनाया, जिससे जहाज पर छोटी आग लगी। अंधेरे के कारण पूरी क्षति का आकलन अभी संभव नहीं है। सभी चालक दल सुरक्षित हैं। कुवैत के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता सौद अल-ओतैबी ने बताया कि देश की वायु सुरक्षा बलों ने आज सुबह कई दुश्मन ड्रोन को इंटरसेप्ट किया। अल-ओतैबी ने कहा कि ये ड्रोन आज सुबह के समय कुवैत के उत्तरी क्षेत्र में देश की हवाई सीमा का उल्लंघन कर रहे थे। उन्होंने यह जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा की। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि सभी ड्रोन को समय रहते निष्क्रिय कर दिया गया और किसी प्रकार के नुकसान की सूचना नहीं है।

## नॉर्थ कोरिया में क्रूज मिसाइल टेस्ट, किम जोंग उन ने बेटी के साथ देखी फायरिंग

**प्योंगयांग, एजेंसी।** नॉर्थ कोरिया के लीडर किम जोंग उन ने अपनी बेटी के साथ नेवी का स्ट्रेटेजिक क्रूज मिसाइल टेस्ट देखा। सरकारी मीडिया ने बताया कि यह मिसाइलें चो ह्योन नाम के वॉरशिप से दागी गईं। मिसाइल परीक्षण उस समय हुआ है जब अमेरिका और साउथ कोरिया जॉइंट सैन्य अभ्यास कर रहे हैं। कोरियाई सेंट्रल न्यूज एजेंसी द्वारा जारी तस्वीरों में किम जोंग उन और उनकी बेटी एक कॉन्फ्रेंस रूम में स्क्रीन पर मिसाइल फायरिंग देखते दिखाई दिए। रिपोर्ट के मुताबिक मिसाइलों ने देश के पश्चिमी तट के पास टारगेट आइलैंड पर हमला किया। किम जोंग उन ने कहा कि ये टेस्ट नौसेना की स्ट्रेटेजिक स्ट्राइक कैपेबिलिटी दिखाने और सैनिकों को हथियारों के इस्तेमाल की ट्रेनिंग देने के लिए किए गए। कुछ रिपोर्ट्स के अनुसार किम जोंग की बेटी 'किम जू ऐ', जिनकी उम्र करीब 13 साल बताई जाती है, 2022 के बाद से कई सैन्य परेड और हथियार परीक्षण कार्यक्रमों में अपने पिता के साथ नजर आ चुकी हैं। नेशनल इंटेलिजेंस सर्विस के अनुसार, किम जोंग उन उन्हें अपना संभावित उत्तराधिकारी बना सकते हैं। 3 घंटे तक हवा में उड़ती रही मिसाइलें यह परीक्षण ऐसे समय में हुआ है जब दुनिया में परमाणु हथियारों को लेकर चिंता बढ़ी हुई है. हाल ही में अमेरिका और इजराइल ने ईरान पर हमले किए हैं ताकि वह परमाणु हथियार बनाने की क्षमता हासिल न कर सके. रिपोर्ट



के मुताबिक, नंबर-51 चोए ह्योन नाम के नए डिस्ट्रॉयर से नम्फो तट के पास कई क्रूज मिसाइलें तेजी से दागी गईं. ये मिसाइलें कोरिया के पश्चिमी समुद्र के ऊपर करीब 3 घंटे तक उड़ती रहीं और फिर द्वीपों पर बने टारगेट को निशाना बनाया. स्टेट टीवी के वीडियो में दिखा कि जहाज के पिछले हिस्से में लगे वर्टिकल लॉन्च सिस्टम से छह मिसाइलें तेजी से पश्चिम दिशा में दागी गईं. इससे पहले 4 मार्च को हुए परीक्षण में इसी जहाज से पांच मिसाइलें दागी गई थीं. किम ने परीक्षण पर संतोष जताया किम जोंग उन ने परीक्षण की सफलता पर संतोष जताया. उन्होंने कहा कि इस परीक्षण से देश के रणनीतिक हथियारों के कमांड सिस्टम और जहाज की लड़ाकू क्षमता की विश्वसनीयता साबित हुई है. किम ने यह भी कहा कि उत्तर कोरिया की परमाणु ताकत अब कई तरह से इस्तेमाल किए जा सकने वाले नए चरण में पहुंच गई है और उसकी युद्ध रोकने की क्षमता तेजी से मजबूत हो रही है।

## अफगानिस्तान सीमा के पास मोर्टार शेल फटने से एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत

**काबुल , एजेंसी।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में बुधवार रात एक दर्दनाक हादसा हुआ। अफगानिस्तान सीमा से सटे खैबर जिले की तिराह घाटी में एक मोर्टार का गोला रिहायशी इलाके में आकर गिरा। इस धमाके में एक ही परिवार के पांच सदस्यों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान नियाज बादशाह, उनके दो बेटों, एक भतीजे और एक पोते के रूप में हुई है। यह मोर्टार किस दिशा से दागा गया था, इसकी जानकारी अभी तक नहीं मिल पाई है। इस घटना के बाद पूरे इलाके में डर और दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों ने इस घटना पर गहरा दुख जताया है। उन्होंने प्रशासन से मामले की तुरंत जांच करने और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। यह घटना ऐसे समय में हुई है जब पाकिस्तानी सेना अफगान तालिबान के खिलाफ बड़ा सैन्य अभियान चला रही है। पाकिस्तान ने बुधवार को बताया कि पिछले दो हफ्तों से जारी इस कार्रवाई में अब तक 641 अफगान तालिबान लड़ाके मारे गए हैं और 855 से ज्यादा घायल हुए हैं। पाकिस्तानी सेना ने 26 फरवरी को 'ऑपरेशन गजब लिल-हक' शुरू किया था। यह कार्रवाई तब शुरू हुई जब अफगान पक्ष ने सीमा पर 53 जगहों पर हमले किए थे। अक्टूबर 2025 के बाद से पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच रिश्तों में काफी कड़वाहट आ गई है।

## अमेरिका ने पाकिस्तान में बंद किया अपना वाणिज्य दूतावास, हर साल 75 लाख डॉलर की होगी बचत

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका ने पाकिस्तान के पेशावर में स्थित अपने वाणिज्य दूतावास को हमेशा के लिए बंद करने का फैसला किया है। यह राजनयिक मिशन अफगानिस्तान सीमा के सबसे करीब था। साल 2001 में अफगानिस्तान पर हमले के समय और उसके बाद भी यह जगह अमेरिका के लिए ऑपरेशंस और रसद का मुख्य केंद्र रही है।

अमेरिकी विदेश विभाग ने इस हफ्ते कांग्रेस को वाणिज्य दूतावास बंद करने की योजना के बारे में बताया। विभाग का कहना है कि इस कदम से हर साल लगभग 75 लाख डॉलर की बचत होगी। अमेरिका का मानना है कि इस फैसले से पाकिस्तान में उसके राष्ट्रीय हितों को आगे बढ़ाने की क्षमता पर कोई बुरा असर नहीं पड़ेगा। 'द एसोसिएटेड प्रेस' को मिले एक नोटिस से यह



जानकारी सामने आई है। यह फैसला पिछले एक साल से विचाराधीन था। ट्रंप प्रशासन ने लगभग सभी सरकारी एजेंसियों के खर्चों और आकार को छोटा करना शुरू किया है। विभाग ने साफ किया है कि इस फैसले का ईरान के साथ चल रहे तनाव से कोई लेना-देना नहीं है। हालांकि, ईरान विवाद की वजह से कराची और पेशावर जैसे शहरों में विरोध प्रदर्शन हुए थे, जिस कारण वाणिज्य दूतावास ने कुछ समय के लिए अपना काम रोक दिया था। पिछले साल अमेरिकी प्रशासन ने विदेश विभाग के बजट में बड़ी कटौती की थी। इस दौरान हजारों राजनयिकों को हटाया गया और अंतरराष्ट्रीय विकास एजेंसी के स्टाफ में भी भारी कमी की गई। पेशावर वाणिज्य दूतावास पहला ऐसा विदेशी मिशन है, जिसे विभाग के पुनर्गठन की वजह से पूरी तरह बंद किया जा रहा है। नोटिस के अनुसार, पेशावर वाणिज्य दूतावास में 18 अमेरिकी राजनयिक और अन्य सरकारी अधिकारी काम करते हैं। इनके साथ ही 89 स्थानीय कर्मचारी भी वहां तैनात हैं। इस मिशन को पूरी तरह बंद करने में करीब 30 लाख डॉलर का खर्च आएगा। इस रकम का आधा हिस्सा यानी 18 लाख डॉलर उन बख्तरबंद ट्रेलरों को दूसरी जगह ले जाने में खर्च होगा, जो वहां ऑफिस के तौर पर इस्तेमाल हो रहे थे। बाकी पैसा गाड़ियों, इलेक्ट्रॉनिक सामान, टेलीकम्युनिकेशन उपकरणों और ऑफिस के फर्नीचर को इस्लामाबाद, कराची और लाहौर भेजने में इस्तेमाल होगा। अफगानिस्तान सीमा और काबुल के पास होने की वजह से पेशावर वाणिज्य दूतावास बहुत महत्वपूर्ण था। अब अमेरिकी नागरिकों और अन्य लोगों को वाणिज्य दूतावास से जुड़ी सेवाएं इस्लामाबाद स्थित अमेरिकी दूतावास से मिलेंगी। इस्लामाबाद यहां से करीब 184 किलोमीटर दूर है।

## जापान का कानून : अब पति-पत्नी रख सकेंगे अलग-अलग सरनेम

**टोक्यो , एजेंसी।** जापान एक ऐसा देश है, जहां पति-पत्नी को एक समान सरनेम रखना जरूरी होता है। जापान का यह 'एक सरनेम' वाला कानून 125 साल पुरानी परंपरा बताई जाती है, जिसे 1898 के सिविल कोड के तहत लागू किया गया था। इस नियम के अनुसार, शादी करने वाले जोड़ों को कानूनी रूप से एक ही पारिवारिक नाम यानी सरनेम अपनाना अनिवार्य होता है। हालांकि, अब इस कानून में ढील दी गई। कानून यह नहीं कहता कि सिर्फ पत्नी ही अपना नाम बदलेगी। पति-पत्नी दोनों में से कोई भी अपना सरनेम बदलकर एक समान कर सकता है। लेकिन जापान के पारंपरिक समाज में लगभग 95% मामलों में महिलाओं को ही अपना मायके का नाम छोड़कर पति का सरनेम अपनाना पड़ता है।

इस कानून के खिलाफ हाल के वर्षों में जापान में बड़े पैमाने पर विरोध और कानूनी लड़ाइयां शुरू हुई हैं। कामकाजी महिलाओं का तर्क है कि शादी के बाद नाम बदलने से उनके करियर की पहचान, प्रोफेशनल डिग्री और पासपोर्ट जैसे दस्तावेजों में भारी उलझन पैदा होती है। बढ़ते विरोध को देखते हुए जापान सरकार ने इस कानून में बदलाव करने का आश्वासन दिया। अब जापानी सरकार 'चयनात्मक उपनाम प्रणाली' पर विचार कर रही है, ताकि जोड़े अपनी मर्जी से यह तय कर सकें कि उन्हें एक ही नाम रखना है या अपनी पुरानी पहचान बरकरार रखनी है।

**क्या है वो कानून :** जापान में 1898 से एक कानून चला आ रहा है, जिसे 'कुंसेई' सिस्टम का हिस्सा माना जाता है। इसके मुताबिक, शादी के बाद पति और पत्नी का सरनेम एक ही होना कानूनी रूप से अनिवार्य है। आप शादी के रजिस्ट्रेशन के वक्त अलग-अलग सरनेम नहीं लिख सकते। अगर आप अलग नाम रखना चाहते हैं, तो आपकी शादी को कानूनी मान्यता नहीं मिलेगी। पूरी दुनिया में जापान इकलौता ऐसा विकसित देश बचा है, जहां यह नियम इतना सख्त है।

**नागरिकों का 'सातो' सरनेम :** हाल ही में एक जापानी प्रोफेसर ने बताया कि चूंकि जापान में लोग एक ही सरनेम अपना रहे हैं, तो धीरे-धीरे बाकी छोटे सरनेम खत्म होते जा रहे हैं। अगर यह कानून नहीं बदला, तो साल 2531 तक जापान के हर एक नागरिक का सरनेम 'सातो' हो जाएगा। यानी पूरा देश एक ही नाम से जाना जाएगा।

**अब क्या बदल रहा है :** जापान की जनता और वहां की बड़ी-बड़ी कंपनियों ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उनका कहना है कि यह कानून मानवाधिकारों के खिलाफ है। अब वहां Selective Surname System की मांग हो रही है। इसका मतलब है- शादी करो, लेकिन अपनी मर्जी से तय करो कि नाम बदलना है या पुराना ही रखना है।

जापान की सुप्रीम कोर्ट में कई बार इस पर बहस हुई है। हालांकि, कोर्ट ने अभी इसे पूरी तरह खत्म नहीं किया है, लेकिन सरकार को इस पर नया कानून बनाने का सुझाव जरूर दिया है। अब वहां की सरकार ने एक बीच का रास्ता निकाला है- सरकारी कागजों पर भले ही एक नाम हो, लेकिन ऑफिस, पासपोर्ट और बैंक में महिलाएं अपना 'मैडेन नेम' (शादी से पहले का नाम) इस्तेमाल कर सकती हैं।

## नेपाल : चुनाव में जीतने वाली पार्टी के अध्यक्ष बोले, 'भारत के साथ मजबूत करेंगे संबंध'

**काठमांडू , एजेंसी।** राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) के अध्यक्ष रवि लामिछाने ने अपनी पार्टी की चुनावी सफलता पर बधाई देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद दिया और कहा कि उन्हें 'विकास केंद्रित कूटनीति' के माध्यम से भारत-नेपाल संबंधों के मजबूत होने की आशा है. नेपाल में संसदीय चुनावों में प्रत्यक्ष मतदान प्रणाली के तहत मतगणना मंगलवार को पूरी होने के साथ ही राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) ने 165 में से 125 सीटें जीत ली हैं जिससे वह बहुमत की सरकार बनाने की स्थिति में आ गई है. पार्टी ने आनुपातिक मतदान प्रणाली के तहत 49,74,957 वोट हासिल किए. लामिछाने ने सोमवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी को उनकी शुभकामनाओं और 'नेपाल की जनता के लोकतांत्रिक जनादेश को मान्यता देने' के लिए धन्यवाद दिया. उन्होंने कहा, 'आरएसपी और हमारी सरकार आपसी सम्मान और साझा समृद्धि पर आधारित संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध रहेगी जिसमें आरएसपी 'विकास केंद्रित कूटनीति' को प्राथमिकता देगी. आरएसपी नेता ने कहा, 'हम भारत के साथ ऐसी साझेदारी की आशा करते हैं जो संपर्क, सांस्कृतिक पर्यटन, ऊर्जा और व्यापार के क्षेत्रों में सहयोग के जरिए नयी ऊंचाइयों तक पहुंचे और दोनों देशों के लोगों के लिए समृद्ध भविष्य सुनिश्चित करे. ' प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को लामिछाने और बालेंद्र शाह को उनकी चुनावी जीत पर बधाई देते हुए दोनों देशों की पारस्परिक समृद्धि,



प्रगति और कल्याण के लिए उनके साथ काम करने की भारत की प्रतिबद्धता जताई. शाह नेपाल के पहले मधेसी प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं और वह सबसे कम उम्र के प्रधानमंत्री भी होंगे. मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, 'मुझे विश्वास है कि हमारे संयुक्त प्रयासों से भारत और नेपाल के संबंध आने वाले वर्षों में नए आयाम छुएंगे. ' नेपाल की प्रतिनिधि सभा में कुल 275 सीट हैं. इनमें से 165 सदस्य 'फर्स्ट पास्ट द पोस्ट' (एफपीटीपी) या प्रत्यक्ष मतदान प्रणाली से चुने जाते हैं, जबकि 110 सदस्य आनुपातिक मतदान प्रणाली के तहत निर्वाचित होते हैं. निर्वाचन आयोग के अनुसार, प्रत्यक्ष मतदान प्रणाली के तहत सभी 165 सीट की मतगणना पूरी हो चुकी है और आरएसपी 125 सीट के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है. अन्य दलों में नेपाली कांग्रेस (एनसी) को 18 सीट मिली हैं, जबकि सीपीएन-यूएमएल को नौ, नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी (एनसीपी) को आठ, श्रम संस्कृति पार्टी (एसएसपी) को तीन और राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी (आरपीपी) को एक सीट मिली है। इसके अलावा एक निर्दलीय उम्मीदवार भी निर्वाचित हुआ है।

## चीन में नए कानून पर मंथन: एक राष्ट्र-एक पहचान की तैयारी में ड्रैगन?

**बीजिंग, एजेंसी।** चीन सरकार एक व्यापक 'जातीय एकता' कानून लाने की तैयारी में है, जिसे लेकर आलोचकों ने चिंता जताई है। उनका कहना है कि यह कानून अल्पसंख्यकों के अधिकारों को और कमजोर कर सकता है और उन्हें मुख्यधारा में जबरन समाहित करने की नीति को मजबूत करेगा। कानून का उद्देश्य और प्रावधान यह कानून देश की संसद द्वारा गुरुवार को मंजूरी मिलने की उम्मीद है। इसके तहत सभी जातीय समूहों के बीच 'समुदाय की मजबूत भावना' को बढ़ावा देने का लक्ष्य रखा गया है। राष्ट्रीय जन कांग्रेस के प्रतिनिधि लू किनजियान ने कहा कि यह कानून 'चीनी राष्ट्र' के भीतर सभी जातीय समूहों के बीच एकता को बढ़ावा देगा।

प्रस्तावित कानून के अनुसार, सभी सरकारी निकायों और निजी उद्यमों को जातीय एकता को बढ़ावा देना होगा। इसमें स्थानीय सरकारें और अखिल-चीन महिला महासंघ जैसे राज्य-संबद्ध समूह भी शामिल हैं। कानून में कहा गया है कि देश के प्रत्येक जातीय समूह के लोग, सभी संगठन, सशस्त्र बल, हर पार्टी, सामाजिक संगठन और हर कंपनी को कानून और संविधान के अनुसार 'चीनी राष्ट्र' की एक साझा चेतना बनानी होगी और इस चेतना के निर्माण की जिम्मेदारी लेनी होगी।

**पहचान और भाषा पर प्रभाव :** अकादमिकों और पर्यवेक्षकों का मानना है कि यह नया प्रावधान जातीय अल्पसंख्यकों की पहचान के लिए एक झटका है, क्योंकि यह अनिवार्य शिक्षा में मंदारिन चीनी के उपयोग को अनिवार्य बनाता है। चीन की अधिकांश आबादी हान चीनी है और आधिकारिक भाषा मंदारिन है। देश में 55 जातीय समूह हैं, जो कुल आबादी का 8.9 प्रतिशत हैं। संविधान के अनुसार, 'प्रत्येक जातीय समूह को अपनी भाषा का उपयोग करने और उसे विकसित करने का अधिकार



है' और 'स्व-शासन का अधिकार है'। क्षेत्रीय जातीय स्वायत्तता कानून इन समूहों को सीमित स्वायत्तता का वादा करता है, जिसमें अर्थव्यवस्था विकसित करने के लिए लचीले उपाय शामिल हैं। हालांकि, विशेषज्ञों का मानना है कि व्यवहार में नया कानून इन प्रावधानों पर हावी होगा। ऑस्ट्रेलिया के ला ट्रोब विश्वविद्यालय में चीन की जातीय अल्पसंख्यक नीतियों पर अध्ययन करने वाले प्रोफेसर जेम्स लिबोल्ड ने कहा कि यह कानून पार्टी के 'सार्थक स्वायत्तता' के मूल वादे को समाप्त कर देगा। उन्होंने इस उपाय को चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की जातीय नीतियों में 'बड़े पुनर्मूल्यांकन' का एक प्रमुख हिस्सा बताया।

**देशी भाषाओं के शिक्षण में स्वायत्तता का अंत :** नए कानून के अनुच्छेद 15 के अनुसार, किंडरगार्टन से लेकर हाई स्कूल तक की सभी अनिवार्य शिक्षा में मंदारिन चीनी को अनिवार्य रूप से पढ़ाया जाएगा। इनर मंगोलिया, तिब्बत और शिनजियांग जैसे चीनी क्षेत्रों में, जहां जातीय अल्पसंख्यकों की बड़ी आबादी है, मंदारिन पहले से ही शिक्षा का प्राथमिक माध्यम है। लेकिन नया कानून स्पष्ट रूप से कहता है कि देश भर में अल्पसंख्यक भाषाएं शिक्षा का प्राथमिक माध्यम नहीं हो सकतीं। हाल के वर्षों तक, जातीय अल्पसंख्यकों को स्कूलों में शिक्षण के लिए अपनी भाषाओं का उपयोग करने में कुछ हद तक स्वायत्तता प्राप्त थी। उदाहरण के लिए, मंगोलिया की सीमा से लगे एक स्वायत्त क्षेत्र इनर मंगोलिया में, छात्र पाठ्यक्रम के बड़े हिस्से को मंगोलियाई में पढ़ सकते थे। यह स्थिति 2020 में बदल गई, जब नए छात्रों को पता चला कि उनके मंगोलियाई भाषा के पाठ्यपुस्तकों का उपयोग नहीं किया जा सकता है और उन्हें केवल चीनी पाठ्यपुस्तकों का उपयोग करना होगा। इस नीतिगत बदलाव के कारण बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए और तत्काल कार्रवाई की गई, जिसके बाद पुनर्शिक्षा अभियान भी चलाए गए। वर्तमान में, इस क्षेत्र के छात्र स्कूलों में प्रतिदिन केवल एक घंटे के लिए मंगोलियाई को एक विदेशी भाषा कक्षा के रूप में पढ़ सकते हैं। यह कानून चीनी सरकार को ऐसे व्यक्तियों या संगठनों पर मुकदमा चलाने के लिए एक कानूनी आधार भी प्रदान करता है जो विदेश में 'जातीय एकता' की प्रगति को नुकसान पहुंचाते हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक स्वामी मुद्रक एवं संपादक हरेश पंवार द्वारा शीतल प्रिंटिंग ऑफसेट, प्लॉट नंबर 245 , बुहाना रोड़ पचेरी बड़ी, जिला झुंझुनूं ,राजस्थान-333515 से मुद्रित एवं प्रकाशित, मुद्रक मीना, संपादक हरेश पंवार, भीम प्रज्ञा मीडिया हाउस, बुहाना रोड़ पचेरी बड़ी, जिला झुंझुनूं ,राजस्थान-333515 मो. 9983040937, –mail bheempragya@gmail.com